तापमान
अधिकतम 29 .0 डिग्री
न्यूनतम 15 .8 डिग्री

हरिभूमि
जीटी रोड भूमि

रोहतक, शुक्रवार 13 नवंबर 2026

12 जनता की शिकायतों पर तुरंत कार्रवाई करें अधिकारी



12 पांच करोड़ रुपये से सीवरेज कार्य का किया शिलान्यास



खबर संक्षेप

युवक पर हमला कर दस्तावेज और 20 हजार रुपये छीने

यमुनानगर। सदर जगाधरी थाना क्षेत्र के गांव मुकारबपुर के पास तीन युवकों ने जगाधरी निवासी कुलदीप को रास्ते में रोक कर उसके साथ मारपीट की। आरोपियों ने उस पर चाकू से हमला कर उसके दस्तावेज व 20 हजार रुपए की नकदी छीन ली। पुलिस ने मामले की जांच के बाद दो आरोपी युवकों को नामजद करते हुए एक अन्य के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। जानकारी के अनुसार जगाधरी निवासी कुलदीप ने सदर जगाधरी पुलिस को दी शिकायत में बताया कि 10 नवंबर को दोपहर डेढ़ बजे वह किसी काम से जा रहा था।

फैक्ट्री में घुसकर चुराई 250 किलो तांबा व पीतल की स्क्रैप

यमुनानगर। जगाधरी के प्रकाश चौक के नजदीक स्थित बर्तन की फैक्ट्री में घुसकर चोरों ने 250 किलो तांबा व पीतल की स्क्रैप चोरी कर ली। जिसकी कीमत करीब डेढ़ लाख रुपए है। चोरी की यह घटना फैक्ट्री में लगे सीसीटीवी में कैमरे में कैद हो गई। जिसमें तीन चोर फैक्ट्री से तांबा व पीतल की स्क्रैप चोरी करते मिले। पुलिस ने मामले की जांच के बाद तीन अज्ञात चोरों के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। जानकारी के अनुसार जगाधरी की जैन नगर कॉलोनी निवासी सजल जैन ने शहर जगाधरी पुलिस को दी शिकायत में बताया कि जगाधरी के प्रकाश चौक के पास उसकी बर्तन बनाने की फैक्ट्री है।

अवैध हथियार मामले में दो और गिरफ्तार

करनाल। अवैध हथियारों की खरीद-फरोख्त से जुड़े मामले में सीआईए-3 की टीम ने दो और आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस अधीक्षक करन गोयल, आईपीएस के निर्देश पर सीआईए-3 प्रभारी निरीक्षक अजेय कुमार के नेतृत्व में सहायक उप निरीक्षक राजेश कुमार की टीम ने कार्रवाई की। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान गुरप्रताप सिंह पुत्र जोगिंद्र सिंह निवासी गांव मैहमल, थाना निसिंग और सरबजीत सिंह पुत्र बंता सिंह निवासी गांव बांसा, थाना निसिंग के रूप में हुई है। पुलिस के अनुसार दोनों आरोपियों को थाना सदर करनाल में दर्ज मुकदमा नंबर 765, दिनांक 27 अक्टूबर 2026 की जांच के दौरान पिंगली चौक से गिरफ्तार किया।

पिस्तौल व कारतूसों के साथ पकड़ा

पानीपत। पानीपत पुलिस की सीआईए टू की टीम ने दीपक उर्फ गोली पुत्र जोगिन्द्र निवासी गांव गंगाना जिला सोनीपत को हुडा सेक्टर-18, पानीपत से गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी से एक देशी पिस्तौल व छह जिंदा कारतूस बरामद किए है। दीपक पर थाना हुडा सेक्टर 13-17 पानीपत में केस दर्ज करवाया है। जबकि पुलिस ने बरामद अवैध असला व कारतूसों की खेप केस की जांच के लिए इंपाउंड की है। इधर, पुलिस ने आरोपी के साथियों की जानकारी लेने के लिए उसे कोर्ट से रिमांड पर लिया। वहीं, रिमांडावधि पूरी होने पर अदालत में पेश किया। कोर्ट ने दीपक को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया है।

ट्राले से टकराई दिल्ली-जम्मू जा रही इंडो-कैनेडियन बस, 40-50 यात्री थे सवार

- मारकंडा पुल के पास मीणा मार्केट के नजदीक सुबह हुआ हादसा, अगला गेट क्षतिग्रस्त होने पर इमरजेंसी खिड़की से निकाली गईं सवारियां

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुरुक्षेत्र

शाहबाद में नेशनल हाईवे-44 पर मारकंडा पुल के पास दिल्ली से जम्मू जा रही इंडो-कैनेडियन बस आगे चल रहे ट्राले से टकरा गई। हादसा गुरुवार सुबह करीब 5 से 6 बजे के बीच मीणा मार्केट के पास हुआ। टक्कर इतनी जोरदार थी कि बस का अगला हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया और अगला शीशा टूट गया। हादसे में कुछ यात्रियों को मामूली चोटें आई हैं, जबकि गनीमत रही कि कोई गंभीर रूप से घायल नहीं हुआ। हादसे के समय बस में करीब 40 से 50 यात्री सवार थे। इनमें बुजुर्ग और सीनियर सिटीजन भी शामिल थे। टक्कर के बाद बस का अगला गेट भी क्षतिग्रस्त हो गया, जिसके चलते यात्री सामान्य गेट से बाहर नहीं निकल सके। ऐसे में बस में मौजूद यात्रियों को इमरजेंसी गेट और खिड़की के रास्ते बाहर निकाला गया। हादसे के बाद सड़क पर यात्रियों की भीड़ जमा हो गई। बस में सवार यात्रियों ने चालक पर तेज रफ्तार और लापरवाही से बस चलाने के आरोप लगाए। यात्रियों का कहना था कि बस की गति काफी तेज थी। इसी कारण चालक समय रहते बस को नियंत्रित नहीं कर पाया और बस आगे चल रहे ट्राले के पिछले हिस्से में जा टकराई। अचानक हुई टक्कर से बस में सो रहे यात्रियों की नींद खुल गई और अफरा-तफरी मच गई। वहीं, बस चालक संतोख सिंह ने यात्रियों के आरोपों से अलग अपना पक्ष रखते हुए कहा कि बस के आगे चल रहे ट्राले के चालक ने अचानक ब्रेक लगा दिए थे। इस कारण वह बस को समय रहते नियंत्रित नहीं कर पाया और बस ट्राले से टकरा गई। हादसे के समय अधिकतर यात्री सो रहे थे। जोरदार झटका लगने के बाद उन्हें हादसे का पता चला। हादसे के बाद यात्रियों को सुरक्षित बाहर निकाला गया। कुछ यात्रियों को मामूली चोटें आईं। फिलहाल हादसे के कारणों को लेकर यात्रियों और चालक के अलग-अलग दावे सामने आए हैं।

रोडवेज बस से युवक को उतारकर झाड़ियों में फेंका, दो लोग फरार

कुरुक्षेत्र। शाहबाद में नेशनल हाईवे-44 पर नौगजा पीर के पास एक हैरान करने वाली घटना सामने आई है। यहां रोडवेज बस में सवार एक युवक को दो लोग नीचे उतारकर घसीटते हुए सड़क किनारे झाड़ियों में फेंककर फरार हो गए। युवक बेहोशी की हालत में मिला। पास में मौजूद एक दुकानदार ने मानवता दिखाते हुए उसे एंबुलेंस की मदद से सिविल अस्पताल पहुंचाया। युवक की गंभीर हालत को देखते हुए डॉक्टरों ने उसे हायर सेंटर रेफर कर दिया। युवक की पहचान सुमित कुमार (35) के रूप में हुई है। प्रत्यक्षदर्शी बलकार सिंह ने बताया कि उसका ढाबा है। गुरुवार



कुरुक्षेत्र। युवक सुमित।

सुबह वह अपनी दुकान पर कार ठीक कर रहा था। इसी दौरान उसने करनाल डिपो की रोडवेज बस से दो लोगों को एक युवक को नीचे उतारते देखा। दोनों युवक को घसीटते हुए सड़क किनारे झाड़ियों की तरफ ले गए और वहां फेंकने के बाद वापस बस में सवार होकर चले गए। बलकार सिंह के अनुसार, घटना देखकर वह तुरंत मौके की तरफ दौड़ा, लेकिन तब तक बस वहां से निकल चुकी थी। उसने युवक को संभाला और डायल-112 व एंबुलेंस को सूचना दी। इसके बाद वह खुद भी एंबुलेंस में बैठकर युवक को सिविल अस्पताल लेकर पहुंचा। इस दौरान पुलिस भी मौके पर पहुंच गई। प्रत्यक्षदर्शी बस का नंबर नोट नहीं कर पाया, लेकिन उसके अनुसार बस करनाल डिपो की थी।

विदेश भेजने के नाम पर ठगी करने वाले कबूतरबाजों पर शिकंजा

11 महीने में 97 मामले दर्ज, 173 आरोपी गिरफ्तार, 5.99 करोड़ रुपये की रिकवरी

कबूतरबाजी की 538 शिकायतों में से 394 का निपटारा, शिकायतकर्ताओं को 39.81 करोड़ से अधिक की राशि भी वापस दिलवाई

पुलिस की इस कार्रवाई का उद्देश्य विदेश जाने के इच्छुक लोगों को धोखाधड़ी से बचाना है

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अंबाला

विदेश भेजने के नाम पर धोखाधड़ी करने वालों के विरुद्ध अम्बाला पुलिस की सख्त कार्रवाई जारी है। एसपी ने बताया कि पुलिस द्वारा विदेश भेजने, विदेश में नौकरी दिलवाने और बेहतर भविष्य के सपने दिखाकर आमजन की मेहनत की कमाई ठगने वाले कबूतरबाजों के विरुद्ध लगातार सख्त कार्रवाई की जा रही है। ऐसे मामलों में आरोपियों की पहचान, गिरफ्तारी, ठगी की रकम की रिकवरी तथा शिकायतों के त्वरित निपटारे पर विशेष जोर दिया जा रहा है। पुलिस की इस कार्रवाई का उद्देश्य विदेश जाने के इच्छुक लोगों को धोखाधड़ी से बचाना, पीड़ितों को राहत दिलाना तथा कबूतरबाजी के अवैध नेटवर्क में शामिल आरोपियों के विरुद्ध प्रभावी कानूनी कार्रवाई सुनिश्चित करना है।



कबूतरबाजी के 106 मामलों में चालान पेश

पुलिस के आंकड़ों के अनुसार, 01 जनवरी 2026 से 31 अक्तूबर 2026 तक कबूतरबाजी के कुल 97 मामले दर्ज किए गए। इन मामलों में कुल 218 आरोपियों की संलिप्तता सामने आई, जिनमें से 173 आरोपियों को गिरफ्तार किया जा चुका है। शेष आरोपियों के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई जारी है। इसके अतिरिक्त, पिछले वर्ष तथा वर्ष 2026 के कुल 106 मामलों में न्यायालय के समक्ष चालान प्रस्तुत किए जा चुके हैं, ताकि आरोपियों के विरुद्ध न्यायिक प्रक्रिया को आगे बढ़ाया जा सके।

538 शिकायतें प्राप्त, 394 का निपटारा

कबूतरबाजी से संबंधित शिकायतों पर त्वरित कार्रवाई करते हुए अम्बाला पुलिस को वर्ष 2026 में कुल 538 शिकायतें प्राप्त हुईं। इनमें से 394 शिकायतों का निपटारा किया जा चुका है तथा शिकायतकर्ताओं को कुल 39,81,07,048 की राशि वापस दिलवाई गई है। प्राप्त शिकायतों में से 97 शिकायतों के आधार पर मामले दर्ज किए गए हैं, जबकि 47 शिकायतों की जांच जारी है। पुलिस द्वारा शेष शिकायतों पर भी नियमानुसार कार्रवाई करते हुए पीड़ितों को राहत दिलाने के प्रयास किए जा रहे हैं।

विदेश ठगी के पैसों की वापसी

विदेश भेजने के नाम पर ठगी से संबंधित दर्ज 97 मामलों में अब तक 5,99,14,650 (लगभग 5.99 करोड़) की राशि रिकवर की जा चुकी है। ठगी की शेष राशि की बरामदगी के लिए पुलिस द्वारा लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। कई मामलों में जांच जारी है। अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी, उनकी भूमिका की जांच तथा ठगी की रकम की रिकवरी के लिए आवश्यक कानूनी कार्रवाई की जा रही है। पुलिस अधीक्षक अजीत सिंह शेखावत ने स्पष्ट किया कि विदेश भेजने, विदेश में नौकरी दिलवाने अथवा विदेश में स्थायी रूप से बसाने का झांसा देकर आमजन के साथ धोखाधड़ी करने वालों को किसी भी सुरत में बख्शा नहीं जाएगा। ऐसे अपराधों में संलिप्त आरोपियों के विरुद्ध सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने हका कि आकर्षक विज्ञापनों, सोशल मीडिया पर किए जाने वाले दावों तथा विदेश भेजने के नाम पर दिए जाने वाले प्रलोभनों में आकर जल्दबाजी में कोई आर्थिक लेन-देन न करें। यदि कोई व्यक्ति विदेश भेजने के नाम पर धोखाधड़ी करता है, तो तुरंत पुलिस को सूचना दें, ताकि समय रहते उचित कार्रवाई की जा सके।

कॉस्मेटिक स्टोर में लगी आग 10 से 15 लाख का सामान जला

- शहर के गांधीनगर क्षेत्र में बीती रात स्टोर में लगी आग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ यमुनानगर

यमुनानगर के गांधीनगर क्षेत्र में रात के समय एक कॉस्मेटिक एवं जनरल स्टोर में अचानक आग लगने से लाखों रुपये का सामान जलकर राख हो गया। आग की चपेट में आने से दुकान में रखा कॉस्मेटिक, जनरल स्टोर का अन्य सामान और बिक्री के लिए रखा स्टॉक पूरी तरह जल गया। दुकान मालिक के अनुसार आग से करीब 10 से 15 लाख रुपये का नुकसान हुआ है। दुकान में आग लगने की सूचना मिलते ही गांधीनगर थाना पुलिस और दमकल विभाग की टीम मौके पर पहुंची। दमकल कर्मियों ने काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया।

जानकारी के अनुसार गांधीनगर क्षेत्र में खुशी रोहिल्ला कॉस्मेटिक एंड जनरल स्टोर के नाम से दुकान है। रात के समय दुकान बंद थी। इसी दौरान दुकान में आग लग गई। देखते ही देखते आग ने दुकान के अंदर रखे सामान को अपनी चपेट में ले लिया। आसपास के लोगों को दुकान से धुआं और आग की लपटें उठती दिखाई दीं तो इसकी सूचना पुलिस और दमकल विभाग को दी गई। सूचना मिलते ही दोनों विभागों की टीमें मौके पर पहुंच गईं। दमकल कर्मियों ने आग बुझाने का काम शुरू किया। काफी प्रयासों के बाद आग पर काबू पाया जा सका, लेकिन तब तक दुकान में रखा अधिकांश सामान जल चुका था।

दुकान मालिक सुशील रोहिला ने आशंका जताई कि किसी अज्ञात व्यक्ति ने पेट्रोल डालकर बंद दुकान में आग लगाई है। उनका आरोप है कि आग अपने आप नहीं लगी, बल्कि इसके पीछे किसी की साजिश हो सकती है। उन्होंने बताया कि दुकान में कॉस्मेटिक और जनरल स्टोर का काफी सामान रखा हुआ था। आग के कारण करीब 10 से 15 लाख रुपये का नुकसान हुआ है। दुकान मालिक ने पुलिस से मामले की निष्पक्ष जांच कराने और आग लगाने वाले व्यक्ति की पहचान कर उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई करने की मांग की है।

चार दिन बाद नहर से मिला ढांड निवासी युवक का शव

कुरुक्षेत्र। मिजार्पुर स्थित नरवाना ब्रांच (भाखड़ा) नहर में चार दिन पहले पैर फिसलने से लापता हुए कैथल जिले के गांव ढांड निवासी 24 वर्षीय देवेंद्र का शव बरामद कर लिया गया है। गोताखोर प्रगट सिंह ने कड़ी मशक्कत के बाद नहर से शव को बाहर निकाला और परिजनों को सूचना दी। देवेंद्र माता-पिता का इकलौता बेटा और अपनी बहन का इकलौता भाई था। भाई दूज के त्योहार से ठीक पहले इकलौते भाई की मौत से पूरे परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है। जानकारी के अनुसार, देवेंद्र दिवाली के अगले दिन सुबह करीब 11 बजे अपने चाचा की अस्थियां विसर्जित करने के लिए मिजार्पुर के पास नरवाना ब्रांच नहर पर आया था। अस्थियां प्रवाहित करते समय अचानक उसका पैर फिसल गया और वह पानी के तेज बहाव में बह गया। देवेंद्र श्री बालाजी आरोग्यं हॉस्पिटल में कार्यरत था। युवक के नहर में डूबने के बाद से ही एनडीआरएफ, एसडीआरएफ, पुलिस प्रशासन, आखिरी उम्मीद फाउंडेशन और निजी गोताखोरों की टीमें लगातार सर्च अभियान चला रही थीं।

लाखों की हेरोइन के साथ दो नशातस्कर पकड़े

हरिभूमि न्यूज ▶▶ यमुनानगर

जिला पुलिस की एंटी नारकोटिक सेल की टीम ने कलानौर बॉर्डर से दो युवकों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से 45 ग्राम हेरोइन बरामद की है। आरोपियों से बरामद हेरोइन की कीमत बाजार में 1.80 लाख रुपए बताई जा रही है। पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर उन्हें अदालत में पेश किया। जहां से उन्हें रिमांड पर लिया गया है। वहीं एक अन्य मामले में हेरोइन सप्लाई करने के सप्लायर को भी गिरफ्तार किया गया है। एंटी नारकोटिक सेल के प्रभारी अनिल कुमार ने बताया कि उनकी टीम को गुप्त सूचना मिली थी कि दो युवक उत्तर प्रदेश से नशीला पदार्थ लेकर यमुनानगर की तरफ आएंगे। सूचना मिलते ही उसने रात 10 बजे कलानौर बॉर्डर के पास वाहनों की जांच शुरू कर दी। कुछ देर बाद उन्हें दो युवक आते दिखाई दिए। जब उसने दोनों आरोपियों को



रोककर उनकी तलाशी ली तो उनके पास से 45 ग्राम हेरोइन बरामद हुई। जिनकी बाजार में कीमत करीब 1.80 लाख रुपये बताई जा रही है। आरोपियों की पहचान राकेश व सचिन शर्मा के रूप में हुई। पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर उन्हें अदालत में पेश किया। जहां से उन्हें रिमांड पर लिया गया है। एंटी नारकोटिक सेल के प्रभारी अनिल कुमार ने बताया कि इसके अलावा दूसरी टीम ने कार्रवाई करते हुए हेरोइन की सप्लाई करने के आरोप में एक सप्लायर को भी गिरफ्तार किया है।

डॉ. रुबी ने ट्रंप के साथ मनाई दिवाली

पानीपत। पानीपत के टेक्सटाइल उद्यमियों के साथ जुडी ढल्ला ग्रुप ऑफ़ कंपनीज की अध्यक्ष व सीईओ भारतीय मूल की डॉ. रुबी ढल्ला ने व्हाइट हाउस के ओवल ऑफिस में अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड जे. ट्रंप के साथ दिवाली पर्व धूमधाम से मनाई। पंजाब के होशियारपुर की मूल निवासी व पानीपत से बडे पैमाने पर टेक्सटाइल उत्पादों का आयात करने वाली ट्रेलब्लेजर पुरस्कार विजेता होटल व्यवसायी डॉ रूबी ढल्ला, कनाडा में तीन बार सांसद रह चुकी है। स्मरणीय है कि दुनिया भर में श्री सनातन धर्म व भारतीय संस्कृति को प्रचार प्रसार करने वाली डॉ ढल्ला उनकी उत्कृष्ट सेवाओं के मद्देनजर व्हाइट हाउस के ओवल ऑफिस में आयोजित पारंपरिक दीया जलाने के समारोह में अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड जे. ट्रंप के साथ शामिल होने के लिए आमंत्रित किया गया था। इधर, डॉ ढल्ला ने पानीपत के उद्यमियों को भेजे संदेश में कहा कि श्री सनातन संस्कृति विश्व में महान है।



पानीपत। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के साथ दीवाली पर्व पर दीप जलाते डॉ. रुबी ढल्ला।

छात्रा की अश्लील तस्वीरें बनाकर इंस्टाग्राम और कॉलेज के व्हाट्सएप ग्रुप में की शेयर

- पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ किया केस दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ यमुनानगर

रादौर की एक कॉलोनी में कॉलेज की छात्रा कि एआई से अश्लील तस्वीरें बनाकर इंस्टाग्राम व कॉलेज के व्हाट्सएप ग्रुप में शेयर करने का मामला सामने आया है। साइबर थाना पुलिस ने छात्रा के पिता की शिकायत पर अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। जानकारी के अनुसार रादौर थाना क्षेत्र की एक कॉलोनी निवासी व्यक्ति ने साइबर क्राइम थाना पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसकी बेटी क्षेत्र के एक कॉलेज में पढ़ती है।

अज्ञात ने छह नवंबर से 11 नवंबर के बीच उसकी बेटी के इंस्टाग्राम पर फेक आईडी बनाकर एआई द्वारा अश्लील तस्वीरें बनाकर उसे इंस्टाग्राम पर शेयर कर दिया। इसके साथ ही आरोपी ने इसकी बेटी की जीमेल हैक करके कॉलेज के व्हाट्सएप ग्रुप में भी अश्लील तस्वीरें शेयर की। जिससे उसकी बेटी की छवि धूमिल हुई है।

जब उसकी बेटी ने इंस्टाग्राम व कॉलेज के व्हाट्सएप ग्रुप में अपनी तस्वीरें देखी तो वह हैरान रह गई। उसकी बेटी ने उसे घटना के बारे में बताया। उसने मामले की सूचना साइबर क्राइम थाना पुलिस को दी। पुलिस ने मामले की जांच के बाद अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

मर्चेंट नेवी के कैप्टन को 5.70 लाख की चपत लगी, पुलिस ने दर्ज किया केस

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अंबाला

पॉश इलाके वाटिका सिटी सेंटर में रहने वाले मर्चेंट नेवी के कैप्टन साइबर ठगों के जाल में फंस गए। जालसाजों ने बैंकों के विलय (मर्जर) की प्रक्रिया का झांसा देकर और वीडियो कॉल के जरिये क्रेडिट कार्ड की गोपनीय जानकारी हासिल कर 5.70 लाख रुपये से अधिक की चपत लगा दी। वाटिका सिटी के अमित मंगल ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह मर्चेंट नेवी में कैप्टन के पद पर कार्यरत हैं। 7 नवंबर को दोपहर करीब 1:30 बजे उनके मोबाइल पर एक अज्ञात व्हाट्सएप कॉल आया। कॉल करने वाले ने खुद को एचएसबीसी बैंक का कर्मचारी बताया। उसने दावा किया कि तीन बैंकों का आपस में विलय हो रहा है। इसके तहत ग्राहकों को नए क्रेडिट कार्ड जारी किए जा रहे हैं। जांच अधिकारी एसआई बलवान ने बताया कि ठग की बातों में आकर पीड़ित ने अपने क्रेडिट कार्ड दिखाने की सहमति दे दी। इसके बाद शातिर ने वीडियो कॉल करवाकर पीड़ित के दो क्रेडिट कार्ड्स के फोटो और डिटेल्स हासिल कर लिए। विवरण मिलते ही पीड़ित के मोबाइल पर धड़ाधड़ पैसे कटने के मैसेज आने लगे। इस दौरान अमेरिकन एक्सप्रेस कार्ड से 50,500 के चार ट्रांजेक्शन और 82,999 के तीन ट्रांजेक्शन कर कुल 4,50,997 उड़ा दिए गए।

तीन नवंबर को बेंगलुरु में हुए ट्रायल के बाद खिलाड़ियों का चयन

शाहबाद की जसप्रीत कौर ने चुनी भरतीया महिला हॉकी टीम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुरुक्षेत्र

शाहाबाद की बेटी और विश्व की प्रसिद्ध ड्रैग फ्लिकर जसप्रीत कौर ने एक बार फिर भारतीय महिला हॉकी में अपनी प्रतिभा और अनुभव का लोहा मनवाया है। जसप्रीत कौर भारतीय सीनियर महिला हॉकी टीम की चयनकर्ता नियुक्त हुई हैं। उन्होंने एशियन चैंपियनशिप ट्रॉफी के लिए भारतीय टीम के खिलाड़ियों के चयन में अहम भूमिका निभाई है। यह प्रतियोगिता 19 से 27 नवंबर तक भोपाल में आयोजित होगी। जसप्रीत कौर ने जानकारी देते हुए



बताया कि एशियन चैंपियनशिप ट्रॉफी के लिए खिलाड़ियों के चयन को लेकर 3 नवंबर को बेंगलुरु में ट्रायल आयोजित किए गए थे। इन ट्रायल के आधार पर टीम का चयन किया गया है। उन्होंने बताया कि खिलाड़ियों का चयन बेहतर तरीके से किया गया है और उन्हें पूरी उम्मीद है कि भारतीय महिला हॉकी टीम एशियन चैंपियनशिप ट्रॉफी में शानदार प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक अपने नाम करेगी। जसप्रीत ने बताया की सलीमा तेते भारतीय महिला हॉकी टीम की कप्तानी करेंगी .और शाहाबाद की नवनीत कौर टीम की मुख्य फॉरवर्ड खिलाडियों में शामिल है । उल्लेखनीय है कि जसप्रीत कौर शाहाबाद की ऐसी खिलाड़ी रही हैं, जिन्होंने अपने ड्रैग फ्लिक के दम पर अंतरराष्ट्रीय हॉकी में विशेष पहचान बनाई। वह पद्मश्री अवार्डी कोच बलदेव सिंह की शिष्या हैं। कोच बलदेव सिंह ने ही उनकी ड्रैग फ्लिक की प्रतिभा को पहचानकर उसे निखारने का काम किया था। जसप्रीत ने अपने खेल के दम पर भारतीय महिला हॉकी टीम को कई महत्वपूर्ण प्रतियोगिताओं में सफलता दिलाने में योगदान दिया। वह एशियाई खेलों, कॉमनवेल्थ गेम्स, एशियन चैंपियंस ट्रॉफी और ओलंपिक क्वालीफायर जैसी अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में भारत का प्रतिनिधित्व कर चुकी हैं। खिलाड़ी के रूप में अपनी पहचान बनाने के बाद जसप्रीत कौर जूनियर भारतीय महिला हॉकी टीम की ड्रैग फ्लिक कोच भी नियुक्त हुईं। अब सीनियर महिला हॉकी टीम की चयनकर्ता के रूप में उन्हें नई जिम्मेदारी मिली है। यह उनके लंबे खेल अनुभव और हॉकी के प्रति समर्पण का परिचायक है।

जसप्रीत कौर की नियुक्ति से भारतीय हॉकी को मिलेगी मजबूतीः बलदेव सिंह


पद्मश्री अवार्डी कोच बलदेव सिंह ने जसप्रीत कौर को भारतीय सीनियर महिला हॉकी टीम की चयनकर्ता नियुक्त किए जाने पर खुशी जताई। उन्होंने कहा कि जसप्रीत कौर लंबे समय तक अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भारतीय टीम का प्रतिनिधित्व कर चुकी हैं और उन्हें खेल की गहरी समझ व अनुभव है। एक खिलाड़ी के रूप में उन्होंने अपनी ड्रैग फ्लिक से पहचान बनाई और अब चयनकर्ता के रूप में उनका अनुभव प्रतिभाशाली खिलाड़ियों को टीम में जगह दिलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। जसप्रीत के सेलेक्टर बनने पर शाहाबाद के खेल प्रेमियों ने जसप्रीत के पिता कृपाल सिंह और भाई जसविंदर चहल को बधाई दी है ।

तीर्थराज श्रीकपालमोचन में स्नान करने से कपाली दोष से मिलती है मुक्ति

भगवान शिव, भगवान श्रीराम ने भी ब्रह्म हत्या के पास से तीर्थस्थल के सरोवर में स्नान करके मुक्ति पाई थी

भगवान सिंह राणा ▶▶ यमुनानगर

महर्षि वेदव्यास की तपोस्थली रहे प्रसिद्ध एवं विश्वविख्यात श्री कपालमोचन तीर्थस्थल में स्नान करने से कपाली दोष से मुक्ति मिलती है। इसका उल्लेख पौराणिक कथाओं में मिलता है। पौराणिक कथाओं के अनुसार भगवान शिव, भगवान श्रीराम ने भी ब्रह्म हत्या के पास से तीर्थस्थल के सरोवर में स्नान करके मुक्ति पाई थी। यही वजह है कि प्रसिद्ध एवं ऐतिहासिक तीर्थ स्थल श्रीकपाल मोचन में सदियों से हर वर्ष कार्तिक पूर्णिमा के अवसर पर पांच दिवसीय मेले का आयोजन किया जाता है। जिसमें लाखों की संख्या में देश और विदेश से श्रद्धालु पहुंचकर स्नान करते हैं।



यमुनानगर। श्रीकपालमोचन में गुरुद्वारा साहिब के नजदीक बना पवित्र कपालमोचन सरोवर। फोटो : हरिभूमि

श्री कपालमोचन में स्नान करने का है बड़ा महत्व

पौराणिक कथाओं के अनुसार एक बार अहंकार या विवाद के कारण भगवान ब्रह्मा के पांचवें सिर से कुछ ऐसे शब्द निकले। जिससे भगवान शिव अत्यंत क्रोधित हो गए। भगवान शिव ने अपने रौद्र रूप (भैरव) में ब्रह्मा जी का पांचवां सिर काट दिया। जिससे भगवान शिव पर ब्रह्म हत्या का पाप लग गया। ब्रह्मा जी की कटी हुई खोपड़ी (कपाल) शिव जी के हाथ से चिपक गई। कहते हैं कि भगवान शिव ने ब्रह्म कपाली का दोष दूर करने के लिए माता पार्वती के साथ चार धाम तथा 84 तीर्थों का भ्रमण किया। परन्तु फिर भी यह दोष दूर नहीं हुआ। अन्ततः शिव पार्वती भ्रमण करते-करते सोमसर (वर्तमान में श्री कपाल मोचन) के नाम से विख्यात के पास प्राचीन भद्रपुरी (भवानीपुर) में रात्रि के समय एक ब्राह्मण की गऊशाला में आ गए । रात्रि में भगवान शिव तो समाधिलीन हो गए। लेकिन पार्वती माता को चिन्ता के कारण नींद नहीं आई और उन्होंने मध्य रात्रि को एक गाय बछड़े के बीच हुई वार्तालाप को सुना। बछड़े ने गाय को ब्रह्म कपाली दोष दूर करने का उपाय बताया। बछड़े ने बताया कि सोमसर सरोवर में स्नान करने से ब्रहम कपाली का दोष दूर होता है। यह कथा जैसे ही माता पार्वती ने सुनी तो उन्होंने रात्रि के समय गाय और बछड़े के बीच हुई वार्तालाप को भगवान शिव को बता दिया।


भगवान शिव ने ब्रह्म कपाली का दोष दूर करने के लिए माता पार्वती के साथ चार धाम तथा 84 तीर्थों का भ्रमण किया

आज भी बछड़े की मूर्तियां स्थापित

भगवान शिव ने सोमसर(वर्तमान में कपालमोचन) सरोवर में स्नान किया तो वह कपाली दोष से मुक्त हो गए। इसके बाद भगवान शिव ने गाय के बछड़े से पूछा कि तुम्हें इस तीर्थ का कैसे पता चला। तब बछड़े ने भगवान शिव को अपने पूर्व जन्म में मनुष्य होने तथा इसी स्थान पर तप कर रहे दुर्वाशा ऋषि का मजाक उड़ाने पर दिए गए श्राप से पशु बनने तथा अन्ततः शिव-पार्वती जी के इस स्थान पर आगमन पर एवं उनके दर्शन से श्रापमुक्त होने की कथा विस्तार से सुनाई। ऐसी मान्यता है कि शिव भगवान के दर्शन के पश्चात गऊ बछड़ा दोनों मुक्ति पाकर बैकुंठ धाम चले गए। उस समय से सोमसर सरोवर का नाम कपालमोचन हो गया। श्रीकपालमोचन सरोवर पर आज भी गऊ बच्चा की मूर्तियां स्थापित हैं। वहीं, एक अन्य पौराणिक कथा के अनुसार रावण वध के बाद भगवान श्रीराम और लक्ष्मण ने भी ब्रह्म हत्या के दोष से मुक्ति के लिए यहां पहुंचकर स्नान किया था। वहीं, सिख इतिहास और गुरुद्वारा 1688 ईस्वी में भंगानी के युद्ध के बाद सिखों के दसवें गुरु श्री गुरु गोबिंद सिंह जी तीर्थ स्थल श्रीकपालमोचन में 52 दिनों तक रुके थे और उन्होंने यहाँ के सरोवरों में शस्त्र धोए थे। जिसकी याद में तीर्थस्थल पर गुरुद्वारा साहिब बना हुआ है।

रंगीन लाइटों से जगमग होंगे यमुना नहर के घाट

छठ पूजा के लिए यमुनानगर पहुंचेंगे सीएम आगमन पर होगा भव्य कार्यक्रम : प्रसाद



यमुनानगर। अधिकारियों की बैठक लेते निगम आयुक्त महाबीर प्रसाद। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶ यमुनानगर

छठ पर्व पर यमुना घाट पर पूजा अर्चना करने के लिए मुख्यमंत्री नायब सैनी 15 नवंबर को यमुनानगर पहुंच रहे हैं। उनके स्वागत के लिए प्रशासन अपनी तैयारियों में जुट गया है। इसी के चलते नगर निगम आयुक्त महाबीर प्रसाद ने अधिकारियों की बैठक लेते हुए उन्हें आवश्यक दिशा निर्देश दिए। आयुक्त ने बताया कि मुख्यमंत्री के आगमन को लेकर बाड़ी माजरा पुल के पास भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम को लेकर जिला प्रशासन और नगर निगम ने तैयारियां तेज कर दी हैं। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि मुख्यमंत्री के आगमन और छठ पूजा कार्यक्रम को लेकर सभी व्यवस्थाएं समय रहते पूरी कर ली जाएं। उन्होंने कार्यक्रम स्थल पर श्रद्धालुओं और अतिथियों के बैठने के लिए विशाल पंडाल तैयार करने तथा भव्य स्टेज बनाने के निर्देश दिए। इसके अलावा पश्चिमी यमुना नहर के घाटों को रंग-बिरंगी लाइटों और आकर्षक लड़ियों से सजाकर सुंदर बनाने को कहा। ताकि पूरा क्षेत्र रोशनी से जगमगाता नजर आए। निगम आयुक्त ने सुरक्षा व्यवस्था को प्राथमिकता देते हुए नहर के किनारों पर उचित बैरिकेडिंग करने और आवश्यक सुरक्षा उपकरण स्थापित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि घाटों पर आने वाले श्रद्धालुओं की सुरक्षा में किसी प्रकार की लापरवाही नहीं होनी चाहिए। इसके साथ ही कार्यक्रम स्थल और आसपास के क्षेत्रों में विशेष सफाई अभियान चलाने, कूड़े का समय पर उठान सुनिश्चित करने तथा स्वच्छता व्यवस्था दुरुस्त रखने के निर्देश दिए। महाबीर प्रसाद ने सभी विभागों के अधिकारियों को आपसी तालमेल से काम करने और उन्हें सौंपी गई जिम्मेदारियों को गंभीरता से निभाने को कहा। उन्होंने स्पष्ट किया कि कार्यक्रम से पहले सभी तैयारियां पूरी होनी चाहिएए ताकि छठ पर्व पर श्रद्धालुओं को बेहतर सुविधाएं मिल सकें और मुख्यमंत्री का कार्यक्रम व्यवस्थित ढंग से संपन्न हो।

ये रहे मौजूद

मौके पर कार्यकारी अभियंता हरीश कुमार, मनदेव कुमार, सहायक अभियंता मृणाल जायसवाल, सिंचाई विभाग के कार्यकारी अभियंता विजय गर्ग, कनिष्ठ अभियंता सिमरणजीत सिंह आदि मौजूद थे।

नहाय खाय से चार दिवसीय छठ मैया महापर्व का शुभारंभ आज

यमुनानगर। वर्ष भर से इंतजार कर रहे पूर्वांचल के श्रद्धालुओं का छठ मैया का चार दिवसीय महापर्व शुक्रवार को नहाय खाय से शुरु हो रहा है। छठ मैया के पर्व को धूमधाम से मनाए जाने को लेकर जिले में रह रहे हजारों प्रवासी श्रद्धालुओं ने यमुनानगर के बाढ़ी माजरा पुल व हमीदा हैड के नजदीक पश्चिमी यमुना नहर किनारे बनी वेदियों को रंग रोगन करके आकर्षक रुप से सजाकर पूजा के लिए तैयार कर दिया है। इस बार छठ मैया का महापर्व 13 नवंबर से 16 नवंबर तक मनाया जाएगा।

50 हजार से अधिक रह रहे हैं पूर्वांचल के लोग

जिले में यमुनानगर समेत विभिन्न स्थानों पर करीब 50 हजार पूर्वांचल के लोग अपने परिवारों के साथ रह रहे हैं। इनमें से अधिकांश प्रवासी श्रद्धालु प्लाइवुड और बर्तन फैक्ट्रियों में कार्यरत हैं। खास बात यह है कि अधिकांश प्रवासी श्रद्धालुओं ने अपने खुद के मकान बना रखे हैं और अपने परिवार के साथ वर्षों से रह रहे हैं।

पर्व पर लगता है दो दिवसीय मेला

यमुनानगर के नजदीक स्थित पश्चिमी यमुना नहर के किनारे बाढ़ी माजरा पुल व हमीदा हैड के नजदीक बनी छठ मैया की वेदियों पर चार दिवसीय महापर्व के दौरान अंतिम दो दिवसीय मेले का आयोजन किया जाता है। इस मेला 15 और 16 को आयोजित हो रहा है जिसमें हजारों पूर्वांचल के श्रद्धालु परिवार समेत पहुंचकर 15 नवंबर को शाम के वक्त अस्त होते सूर्य भगवान को अर्घ्य देंगे।

प्रशासन द्वारा सुरक्षा के कड़े इंतजाम

छठ मैया पर्व के अंतिम दो दिन बाढ़ी माजरा व हमीदा हैड पर आयोजित होने वाले मेले के लिए प्रशासन द्वारा श्रद्धालुओं की सुरक्षा के लिए कड़े इंतजाम कर दिए हैं। वहीं, मेला स्थल पर साफ सफाई अभियान चलाया जा रहा है। मेला स्थल पर लाइटिंग व्यवस्था और अन्य व्यवस्थाएं की गई हैं।

छठ मैया पर्व का बड़ा महत्व

पूर्वांचल के श्रद्धालु कमलेश, रामधन व कमला आदि ने बताया कि छठ मैया का पर्व दीपावली के बाद मनाया जाता है। छठ मैया का पर्व पूर्वांचल के लोगों के लिए बहुत महत्व रखता है। छठ मैया का व्रत परिवार में सुख समृद्धि शांति और मनोकामना पूर्ण करने के लिए रखा जाता है। ज्यादातर घर की महिलाएं इस व्रत को रखती हैं। उन्होंने बताया कि परिवार में सभी स्वस्थ रहें और घर में धान्य की वर्षा हो इसी उद्देश्य से छठ मैया की पूजा अर्चना की जाती है। छठ पर्व मनाने के लिए नारियल, फल, गन्ना, मूली वेदियों पर अर्पित कर पूजा की जाती है।



न्यूज डायरी



बिजली की ढीली तारों से किसान परेशान

राढौर। राढौर क्षेत्र में बिजली निगम की ढीली पड़ी बिजली की तारों के कारण किसानों को हर समय उनकी फसल नष्ट होने का डर सता रहा है। गांव नाचरौन में गन्ने के खेतों के ऊपर से बिजली की ढीली तारें गुजर रही हैं। जिससे किसान काफी परेशान हैं। किसान डॉ.लाभ सिंह नाचरौन ने बताया कि उनके गांव नाचरौन के पास खेत हैं। उन्होंने अपने खेतों में गन्ने की फसल उगाई हुई है। उन्होंने गेहूं की फसल के समय भी बिजली निगम के अधिकारियों को काफी बार बिजली की ढीली पड़ी तारों के बारे में शिकायतें की। वहीं उन्होंने मामले को लेकर सीएम विंडो पर भी शिकायत दी थी। लेकिन समस्या ज्यों की त्यों बनी हुई है। अधिकारियों के ढुलमुल रवैये के कारण किसानों को आगजनी की समस्याओं का सामना करना पड़ता है।



प्रासंगिक कौशल प्राप्त करने का आह्वान

यमुनानगर। डीएवी गर्ल्स कॉलेज में वीरवार को राष्ट्रीय शिक्षा दिवस के उपलक्ष्य में विस्तार व्याख्यान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कार्यवाहक प्राचार्या डॉ.सुरिंद्र कौर ने की। कार्यक्रम का मुख्य विषय एनईपी 2020 ट्रांसफॉर्मिंग हायर एजुकेशन इन इंडिया रहा। मुख्य वक्ता महाराजा अग्रसेन कॉलेज जगाधरी के सहायक प्रोफेसर गौरव बरेजा ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 की दूरदर्शी सोच पर प्रकाश डालते हुए इसके बहु विषयक दृष्टिकोण, कौशल आधारित शिक्षा और उच्च शिक्षा में उभरते अवसरों पर चर्चा की। बरेजा ने छात्राओं को बदलते शैक्षणिक परिप्रेक्ष्य के प्रति जागरूक करते हुए भविष्य की अकादमिक व व्यावसायिक चुनौतियों का डटकर सामना करने के लिए प्रासंगिक कौशल प्राप्त करने का आह्वान किया।



छात्रों को खिलाई एल्बेंडाजोल की गोलियां

यमुनानगर। होली मदर पब्लिक स्कूल कांसापुर यमुनानगर में वीरवार को राष्ट्रीय कृमि दिवस के अवसर पर कार्यक्रम आयोजित कर विद्यार्थियों को कृमि संक्रमण से बचाव को लेकर एल्बेंडाजोल की गोलियां खिलाई गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय की प्रिंसीपल मोनिका शर्मा ने की। प्रिंसीपल मोनिका शर्मा ने बताया कि कार्यक्रम आयोजित करने का मुख्य उदेश्य बच्चों को पेट के कीड़ों से होने वाली समस्याओं से बचाना तथा उन्हें स्वस्थ एवं स्वच्छ जीवनशैली के प्रति जागरूक करना रहा। उन्होंने बताया कि पेट में कीड़े होने से बच्चों के शारीरिक और मानसिक विकास पर बुरा प्रभाव पड़ सकता है। इसके कारण कमजोरी, पेट दर्द, भूख न लगना तथा खून की कमी जैसी समस्याएं हो सकती हैं। एल्बेंडाजोल की गोली इन कीड़ों को समाप्त करने में मदद करती है। अभिभावकगण को भी अपने बच्चों को एल्बेंडाजोल की दवा सेवन करने के लिए प्रोत्साहित करना चाहिए।

पंचायती जमीन से 20 पॉपुलर के पेड़ चोरी

यमुनानगर। जिला के व्यासपुर थाना क्षेत्र के गांव अराईयांवाला से करीब चार महीने पहले पंचायती भूमि से काटे गए 20 पॉपुलर के पेड़ों के मामले में आरोपी व्यक्ति के खिलाफ केस दर्ज किया है। काटे गए पॉपुलर के पेड़ों की कीमत करीब डेढ़ लाख रुपये थी। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। जानकारी के अनुसार व्यासपुर के खंड एवं पंचायत अधिकारी ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि गत 15 जुलाई को उसे सूचना मिली थी कि गांव अराईयांवाला की पंचायती भूमि पर खड़े पॉपुलर के पेड़ काटकर चोरी कर लिए गए हैं। सूचना मिलते ही उसने टीम के साथ मौके पर पहुंचकर जांच की। जांच में पंचायती भूमि से 20 पॉपुलर के पेड़ कटे मिले। जिनकी कीमत करीब डेढ़ लाख रुपये थी। पंचायती भूमि से पेड़ चोरी करने का आरोप गांव के ही राजकुमार पर लगा था। उसने राजकुमार के खिलाफ व्यासपुर थाने में शिकायत दर्ज करवाई थी। पुलिस ने देर शाम मामले की जांच के बाद आरोपी राजकुमार के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।



सरकार कर रही किसानों का शोषणः सुदीप

राढौर। कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने राढौर की कांबोज धर्मशाला में बैठक का आयोजन कर 16 नवंबर को कस्बा में आयोजित किए जाने वाले पार्टी द्वारा प्रदर्शन को सफल बनाए जाने पर रणनीति पर विचार विमर्श किया। बैठक की अध्यक्षता कांग्रेस के वरिष्ठ नेता सुदीप सुरजेवाला ने की। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता सुदीप सुरजेवाला ने बताया कि प्रदेश सरकार द्वारा गन्ना मूल्य में नाम मात्र मूल्य वृद्धि करके किसानों का शोषण किया है। इसी के विरोध में कांग्रेस द्वारा 16 नवंबर को राढौर में सरकार के खिलाफ प्रदर्शन किया जाएगा। मौके पर प्रदेश के राज्यपाल के नाम एसडीएम को ज्ञापन देकर गन्ने का 600 रुपये प्रति क्विंटल मूल्य किए जाने की मांग की जाएगी। उन्होंने कहा कि प्रदर्शन की आगुवाई कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव एवं राज्यसभा सांसद रणदीप सिंह सुरजेवाला करेंगे। उन्होंने बैठक में कार्यकर्ताओं से प्रदर्शन में अधिक से अधिक संख्या में भाग लेने की अपील की। इस अवसर पर पूर्व प्रदेश सचिव सतीश तेजली, सुरेंद्र मलिक, रविंद्र बबलू, शिवकुमार संधाला, प्रदीप जयरामपुर, पवन वालिया, मुकेश बेरवाल, हरपाल सुढल, संदीप सदूरा, सुरेंद्र तेजली व रोहित सुढल आदि मौजूद रहे।

पक्षी वैज्ञानिक डा. सालिम अली का श्रद्धापूर्वक मनाया जन्मदिवस



राढौर। रोटरी क्लब राढौर के तत्वावधान में वीरवार को करखा में पक्षी वैज्ञानिक एवं प्राकृतिविद् डा. सालिम अली का जन्मदिवस श्रद्धापूर्वक मनाया गया। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में क्लब के मुख्य सलाहकार डा. एससी सैनी ने भाग लिया। मुख्य वक्ता एंव क्लब के मुख्य संरक्षक डा. एससी सैनी ने बताया कि प्रत्येक वर्ष देश भर में 12 नवम्बर को पक्षी वैज्ञानिक एवं प्राकृतिविद् डा. सालिम अली के जन्मदिवस के अवसर पर राष्ट्रीय पक्षी दिवस मनाया जाता है। भारत के मशहूर पक्षी वैज्ञानिक डा. सालिम अली के जन्मदिवस के अवसर पर भारत सरकार ने राष्ट्रीय पक्षी दिवस घोषित किया था। उन्होंने बताया कि डा. सालिम अली का जन्म 12 नवम्बर 1896 में बॉम्बे के एक सुलेमानी बोहरा मुस्लिम परिवार में हुआ था। डा. सालिम अली विश्व विख्यात भारतीय पक्षी विज्ञानी और प्रकृतिवादी थे। सलीम अली की प्रारंभिक शिक्षा सेंट जेवियर्स कॉलेज मुंबई में हुई। बॉम्बे नेचुरल हिस्ट्री सोसाइटी के सचिव डब्ल्यूएस मिलार्ड की देखरेख में सलीम ने पक्षियों पर गंभीर अध्ययन करना शुरू किया। इनके नाम पर बॉम्बे नैचुरल हिस्ट्री सोसाइटी और पर्यावरण एवं वन मंत्रालय द्वारा कोयम्बटूर के निकट अनाइकट्टी नामक स्थान पर सलीम अली पक्षी विज्ञान एवं प्राकृतिक इतिहास केन्द्र स्थापित किया गया। पक्षी विशेषज्ञ सालिम अली के जन्म दिवस को भारत सरकार ने राष्ट्रीय पक्षी दिवस घोषित किया हुआ है। डा. सलीम अली को भारत में पक्षी मानव के नाम से भी जाना जाता था।

भाजपा जनकल्याण की भावना से कार्य करने वाला संगठन

- भाजपा के वरिष्ठ नेताओं व कार्यकर्ताओं की जगाधरी में पूर्व कैबिनेट मंत्री कंवरपाल के निवास स्थान पर हुई बैठक
- पूर्व कैबिनेट मंत्री कंवरपाल ने वरिष्ठ नेताओं व कार्यकर्ताओं से की संगठनात्मक विषयों पर चर्चा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ यमुनानगर



यमुनानगर। जगाधरी में आयोजित भाजपा के वरिष्ठ नेताओं व कार्यकर्ताओं की बैठक में संगठन के विषयों पर बातचीत करते हुए पूर्व कैबिनेट मंत्री कंवरपाल।

पूर्व कैबिनेट मंत्री कंवरपाल गुर्जर के जगाधरी स्थित निवास स्थान पर भाजपा के वरिष्ठ नेताओं व कार्यकर्ताओं की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता भाजपा के जिला अध्यक्ष राजेश सपरा ने की। वहीं, मुख्यातिथि के रूप में पूर्व कैबिनेट मंत्री कंवरपाल गुर्जर ने भाग लिया। मौके पर विशिष्ठ अतिथि के रुप में पूर्व विधायक एवं भाजपा प्रदेश महामंत्री सत्य प्रकाश जरावता, भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष अशोक गुर्जर व अनुसूचित मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष अजय खुंडिया मौजूद रहे।

मुख्यातिथि एवं पूर्व कैबिनेट मंत्री कंवरपाल गुर्जर ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी केवल एक राजनीतिक दल ही नहीं। बल्कि यह राष्ट्रसेवा, जनकल्याण और संगठनात्मक समर्पण की भावना से कार्य करने वाला एक मजबूत संगठन है। भाजपा की असली ताकत उसके समर्पित कार्यकर्ता हैं। जिनके परिश्रम और निष्ठा के बल पर पार्टी निरंतर नई ऊंचाइयों को छू रही है। उन्होंने भाजपा के वरिष्ठ नेताओं के साथ संगठन से जुड़े विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तार से विचार विमर्श किया। पूर्व कैबिनेट मंत्री कंवरपाल गुर्जर ने कहा कि संगठन को और अधिक मजबूत बनाने के लिए सभी पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं को आपसी तालमेल, समर्पण और सकारात्मक सोच के साथ मिलकर कार्य करना चाहिए। केंद्र एवं हरियाणा सरकार की जनकल्याणकारी नीतियों और विकास कार्यों को जन-जन तक पहुंचाना हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। मौके पर सभी वरिष्ठ नेताओं ने संगठन की मजबूती और पार्टी की विचारधारा को समाज के प्रत्येक वर्ग तक पहुंचाने के लिए मिलकर कार्य करने की प्रतिबद्धता व्यक्त की। इस अवसर पर युवा मोर्चा के जिला अध्यक्ष निशचल सिंह व जिला मीडिया प्रभारी कपिल मनीष गर्ग आदि मौजूद रहे।

व्यक्ति ने महिला के साथ की छेड़छाड़, केस दर्ज

यमुनानगर। रादौर थाना क्षेत्र के एक गांव में व्यक्ति द्वारा महिला को रास्ते में रोक कर छेड़छाड़ करने का मामला सामने आया है। पुलिस ने मामले की जांच के बाद आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। जानकारी के अनुसार रादौर थाना क्षेत्र के गांव निवासी 38 वर्षीय महिला ने पुलिस थाने में दी शिकायत में बताया कि उनके गांव का ही नरेंद्र उसे पर गलत नजर रखता था। 11 नवंबर को शाम चार बजे वह गांव में किसी काम से जा रही थी। इस दौरान आरोपी नरेंद्र ने उसे रास्ते में रोक लिया और उसके साथ छेड़छाड़ करने लगा। जब उसने विरोध किया तो आरोपी ने उसके साथ मारपीट की। इस दौरान आरोपी उसे जान से मारने की धमकी देकर मौके से फरार हो गया।

चहचहाट सात समुंदर पार कर हथनीकुंड बैराज वैली में पहुंचने लगे विदेशी पक्षी मेहमान

हथनीकुंड बैराज पर विदेशी पक्षियों ने दी दस्तक

- चीन, साइबेरिया व दक्षिणी यूरोप समेत अन्य ठंडे देशों के पक्षी पहुंचे लगे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ यमुनानगर

सर्दी का मौसम शुरू होते ही सात समुंदर पार कर हरियाणा की सीमा पर स्थित हथनीकुंड बैराज पर पहुंचे विदेशी पक्षियों की चहचहाट गूंजने से वातावरण मनमोहक बनने लगा है। विदेशी पक्षियों में चीन, साइबेरिया व दक्षिणी यूरोप समेत अन्य ठंडे देशों के पक्षी शामिल हैं। इन देशों में इन दिनों अधिक ठंड होती है। ठंड से बचने के लिए मैदानी इलाकों की झीलों में अपने दिन गुजारते हैं।



यमुनानगर। हथनीकुंड बैराज में पानी में विचरते विदेशी पक्षी। फोटो : हरिभूमि

विदेशी पक्षियों की चहल कदमी शुरू

हथनीकुंड बैराज समेत ताजेवाला व अराइयांवाला के नजदीक पिछले कई दिन से विदेशी पक्षियों के झूंड दिखाई देने लगे हैं। बैराज पर विदेशी पक्षियों की चहल कदमी और चहचहाट से नैशनल पार्क की शाल वैली का वातावरण मंत्रमुग्ध कर देने वाला बन गया है। वहीं, दुर्लभ पक्षियों को देखने के लिए आसपास के क्षेत्र समेत साथ लगते राज्यों हिमाचल व यूपी और उत्तराखंड के लोग भी पहुंचने लगे हैं।

पक्षियों की इन प्रजातियों ने दी दस्तक

हथनीकुंड बैराज पर पहुंचने वाले पक्षियों में कामनक्रेन, किंगफिशर, पैटेंड, वुडसैंड, पाइपर, ग्रेलेगगूज, घनेर ,साइबेरियन सारस,धोबिन चिड़िया, मुर्गाबी व पिनटेल आदि शामिल हैं। इन पक्षियों को इन दिनों बैराज पर पानी में अठखेलियां करते देखा जा सकता है। इन पक्षियों की अठखेलियां लोगों को अपनी ओर आकर्षित करती हैं। जीव जंतु वन्य प्राणी विभाग के अधिकारियों ने बताया कि ये पक्षी अधिक ठंडे देशों से ठंड से बचने के लिए नवंबर व दिसंबर माह में गर्म देशों में आते हैं और सर्दी के कम होते ही मार्च अप्रैल तक वापस अपने देशों को अपने स्थान पर लौट जाते हैं।

दुर्लभ पक्षियों को देखने का मिलता है मौका

हथनीकुड बैराज पर पक्षियों को देखने के लिए पहुंचे क्षेत्रवासी प्रदीप, विरेंद्र, सुरेश व रमेश आदि ने बताया कि वह हर वर्ष पक्षियों को देखने के लिए आते हैं। आस पास के क्षेत्र के लोगों का सौभाग्य है कि हर वर्ष उनके क्षेत्र में विदेशों से दुर्लभ प्रजाति के पक्षी पहुंचते हैं। जिनके उन्हें आसानी से दर्शन हो जाते हैं।

खबर संक्षेप

संत नामदेव की 756वीं जयंती पर महोत्सव 15 को

कुरुक्षेत्र। संत शिरोमणि नामदेव छिम्बा समाज सभा (रजि.), कुरुक्षेत्र की ओर से संत नामदेव मंदिर में 15 नवंबर को संत शिरोमणि नामदेव जी महाराज की 756वीं जयंती एवं संत डॉ. रामकृष्ण बगाड़े महाराज के 100वें जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में 32वां वार्षिक महोत्सव श्रद्धा एवं धूमधाम से मनाया जाएगा। महाराष्ट्र से पधार रहे संत डॉ. रामकृष्ण बगाड़े महाराज के सान्निध्य में आयोजित इस महोत्सव में नौ राज्यों से नामदेव समाज के प्रतिनिधि एवं गणमान्य व्यक्ति भाग लेंगे।



सतलुज स्कूल में वार्षिक स्पोर्ट्स मीट कल

शाहबाद। सतलुज सीनियर सेकेंडरी स्कूल, शाहाबाद मारकंडा में 14 नवंबर 2026, शनिवार को वार्षिक स्पोर्ट्स मीट का आयोजन किया जाएगा। स्कूल के प्राचार्य डॉ. रघबीर सिंह घुम्मन ने जानकारी देते हुए बताया कि इस अवसर पर नगरपालिका प्रधान डॉ. गुलशन क्वात्रा मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत करेंगे। उन्होंने बताया कि स्पोर्ट्स मीट का उद्देश्य विद्यार्थियों में खेल भावना, अनुशासन, आत्मविश्वास एवं टीम भावना को बढ़ावा देना है। इस दौरान विद्यार्थी विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं में अपनी प्रतिभा और खेल कौशल का प्रदर्शन करेंगे।

21 नवंबर को लगेगी विशेष लोक अदालत

थानेसर। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव एवं सीजेएम नीतिका भारद्वाज ने कहा कि जिला एवं सत्र न्यायाधीश दिनेश कुमार मित्तल के मार्गदर्शन में 21 नवंबर 2026 को विशेष लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। इस विशेष लोक अदालत का आयोजन जिला न्यायालय परिसर कुरुक्षेत्र तथा उपमंडलीय न्यायालय शाहाबाद एवं पिहोवा में किया जाएगा। विशेष लोक अदालत में मुख्य रूप से लिखित अधिनियम 1881 की धारा 138 के अंतर्गत लंबित चेक बाउंस मामलों का आपसी समझौते एवं सौहार्दपूर्ण तरीके से निपटारा किया जाएगा।

गांव दर्रा खेड़ा में अवैध निर्माण को किया नष्ट



कुरुक्षेत्र। जिला नगर योजनाकार की टीम ने उपायुक्त के आदेशानुसार राजस्व संपदा कुरुक्षेत्र के गांव दर्रा खेड़ा में 1 अवैध कॉलोनी में जिला प्रशासन की मदद से तोड़-फोड़ की कार्रवाई अमल में लाई गई। जिला नगर योजनाकार अधिकारी नवीन कुमार ने जारी एक प्रेस विज्ञप्ति में कहा कि कुरुक्षेत्र के गांव दर्रा खेड़ा में 1 अवैध कालोनी में उपायुक्त के आदेशानुसार प्रशासन के सहयोग से तोड़-फोड़ की कार्रवाई अमल में लाई गई है।

लाडवा विस क्षेत्र में विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं में खिलाड़ियों ने दिखाया दम

सांसद खेल महोत्सव युवाओं को नशे से दूर रखने में सहायक : शिव गुप्ता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| लाडवा

सांसद खेल महोत्सव 2.0 के तहत वीरवार को लाडवा विधानसभा क्षेत्र के धनौरा जाटान स्थित खेल स्टेडियम, बकाली खेल स्टेडियम और संजय गांधी स्कूल में विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। इन प्रतियोगिताओं में खिलाड़ियों ने पूरे जोश और उत्साह के साथ अपनी खेल प्रतिभा का प्रदर्शन किया। कुश्ती, रस्साकशी, क्रिकेट और वॉलीबॉल के मुकाबलों में खिलाड़ियों के बीच कड़ा संघर्ष देखने को मिला। खेल प्रतियोगिताओं में खिलाड़ियों का उत्साह बढ़ाने पहुंचे भाजपा लाडवा मंडल अध्यक्ष शिव गुप्ता ने सांसद नवीन जिन्दल की पहल की सराहना करते हुए कहा कि सांसद नवीन जिन्दल खिलाड़ियों के हितों को सर्वोपरि रखते हुए इस खेल महोत्सव का आयोजन करवा रहे हैं। उनका उद्देश्य केवल प्रतियोगिताएं करवाना नहीं, बल्कि ग्रामीण क्षेत्रों में छिपी खेल प्रतिभाओं को पहचानकर उन्हें आगे बढ़ने के अवसर उपलब्ध करवाना है। यह पहल युवाओं को खेलों के प्रति प्रेरित करने के साथ उन्हें नशे और नकारात्मक गतिविधियों से दूर रखने में भी सहायक होगी।



लाडवा। खिलाड़ियों के साथ उपस्थित मार्केट कमेटी के अध्यक्ष डॉक्टर गणेश दत्त शर्मा, भाजपा कार्यकर्ता व नवीन जिंदल फाउंडेशन के सदस्य।

कुश्ती में भी लगे दांव-पेंच

कुश्ती के पुरुष वर्ग में विभिन्न भार श्रेणियों में रोमांचक मुकाबले हुए। 48 किलोग्राम भार वर्ग में हिमांशु, हर्षित, अक्षित और सात्विक ने जीत दर्ज की। 52 किलोग्राम में अर्णव और समर्थ, 57 किलोग्राम में खुशप्रीत और मनीष, 70 किलोग्राम में लोकेश, 74 किलोग्राम में सनी और तेजस्वी तथा 79 किलोग्राम में सागर और हर्ष विजेता रहे। 86 किलोग्राम में श्रवण ने बाजी मारी, जबकि 86 किलोग्राम से अधिक भार वर्ग में देवांश और कपिल देव ने जीत हासिल की।

रस्साकशी में टीमों ने लगाया पूरा जोर

टग ऑफ वार यानी रस्साकशी के मुकाबलों में खिलाड़ियों के बीच जबरदस्त जोर-आजमाइश देखने को मिली। पुरुष वर्ग में उमरी अखाड़ा और पावर हाउस की टीमों ने जीत दर्ज की। महिला वर्ग में खैरी, बीड़ कालवा, पार्थ फाइंडर्स और हरिपुर की टीमों ने अपने दमखम और सामूहिक तालमेल से मुकाबले जीते।

क्रिकेट-वॉलीबॉल में भी दिखा उत्साह

क्रिकेट प्रतियोगिता में बकाली, सुल्तानपुर, ए.एस. लाडवा, संघौर और उमरी की टीमों ने जीत हासिल की। वहीं वॉलीबॉल में उमरी, मथाना, एम.डी.एस.एस. स्कूल, लाडवा लॉयन्स, सांगवान अकादमी, दून और लोहरा की टीमें विजेता रहीं। इस अवसर पर मार्केट कमेटी लाडवा के चेयरमैन गणेश दत्त शर्मा, मार्केट कमेटी बाबैन के चेयरमैन जसविंदर सिंह, अमित सैनी पौंकी, बरखा राम, देवेंद्र शर्मा, गुरुदत्त शर्मा, कर्मवीर सिंह, अनिल कुमार, ऋषिपाल, थानेसर हल्का प्रभारी बलविंद्र सिंह, रादौर हल्का प्रभारी सोनी कुमार, पेहवा हल्का प्रभारी जीतराम और लाडवा हल्का प्रभारी सलिंद्र कुमार सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे। सभी ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया।

हॉकी में खिलाड़ियों ने दिखाया दमखम

शाहबाद। सांसद नवीन जिन्दल की पहल पर आयोजित सांसद खेल महोत्सव 2.0 के तहत वीरवार को मारकंडेश्वर हॉकी स्टेडियम, शाहबाद में लाडवा विधानसभा क्षेत्र की हॉकी प्रतियोगिताओं के मुकाबले करवाए गए। मैदान पर खिलाड़ियों ने शानदार खेल कौशल, जोश और दमखम का प्रदर्शन करते हुए दर्शकों को रोमांचित कर दिया। प्रतियोगिता के दौरान लाडवा की टीम ने निवारसी को 4-1 से हराकर शानदार जीत दर्ज की। वहीं बीड़ कालवा की टीम ने डीबीएस स्कूल को 11-2 के बड़े अंतर से शिकस्त दी। एक अन्य मुकाबले में ईशरगढ़ की टीम ने बीड़ कालवा को 7-1 से पराजित किया। इन मुकाबलों में जीत हासिल करने वाली टीमों ने प्रतियोगिता के अगले चरण में अपनी जगह पक्की की। इस अवसर पर संसदीय कार्यालय प्रभारी धर्मवीर सिंह ने विजेता टीमों को बधाई देते हुए कहा कि सांसद खेल महोत्सव 2.0 को लेकर खिलाड़ियों में जबरदस्त उत्साह देखने को मिल रहा है। इस अवसर पर ब्लॉक समिति शाहबाद के चेयरमैन तरसेम सिंह, रवि बांगड़ मंडल अध्यक्ष, सर्वजीत सिंह कलसानी मंडल अध्यक्ष, यादविंदर राणा मंडल अध्यक्ष, सरदार सुखवंत सिंह सरपंच गौरीपुर, अजैब सिंह, डॉ. पूरणमल, हॉकी कोच सोहनलाल सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।



महाभारत काल से विशेष ऐतिहासिक व सांस्कृतिक महत्व से जुड़ी है कुरुक्षेत्र की धरती : सुभाष सुधा

जेसीआई चौक और पंचनंद चौक का महाभारत थीम पर होगा कायाकल्प



कुरुक्षेत्र। जेसीआई चौक पर बनने वाले महाभारत थीम का पोस्टर दिखाते पूर्व राज्य मंत्री सुभाष सुधा।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

हरियाणा के पूर्व राज्यमंत्री सुभाष सुधा ने कहा कि कुरुक्षेत्र की पावन धरती का महाभारत काल से विशेष ऐतिहासिक, धार्मिक एवं सांस्कृतिक महत्व जुड़ा हुआ है और इसी गौरवशाली विरासत को अक्षुण्ण रखने के लिए शहर के चौकों को महाभारत थीम पर विकसित किया जा रहा है। उन्होंने वीरवार को कुरुक्षेत्र शहर के दो प्रमुख चौकों - जेसीआई चौक और पंचनंद चौक के महाभारत थीम पर नवीनीकरण एवं सौंदर्यीकरण कार्यों का विधिवत शिलान्यास किया। पूर्व राज्यमंत्री सुभाष सुधा ने कहा कि जेसीआई चौक के महाभारत थीम पर सौंदर्यीकरण कार्य का शिलान्यास किया गया, जिसकी अनुमानित लागत 85.08 लाख रुपये है। इसी प्रकार पंचनंद चौक के महाभारत थीम पर सौंदर्यीकरण कार्य का भी शिलान्यास किया गया, जिसकी अनुमानित लागत 143.42 लाख रुपये है। दोनों कार्यों की कुल लागत 228.50 लाख रुपये होगी। उन्होंने कहा कि कुरुक्षेत्र को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर महाभारत थीम सिटी के रूप में विकसित किया जा रहा है। इसी कड़ी में शहर के सभी प्रमुख चौकों, प्रवेश द्वारों और सड़कों का नवीनीकरण महाभारत के प्रसंगों, श्लोकों, पात्रों और सांस्कृतिक विरासत के अनुरूप किया जा रहा है। जेसीआई चौक और पंचनंद चौक पर महाभारत कालीन शिल्प, भित्ति चित्र, श्लोक पट्टिकाएं और आकर्षक लाइटिंग लगाई जाएगी, ताकि यहां से गुजरने वाला हर व्यक्ति कुरुक्षेत्र की समृद्ध विरासत से रूबरू हो सके। पूर्व राज्यमंत्री सुभाष सुधा ने कहा कि डबल इंजन की सरकार में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में कुरुक्षेत्र के विकास में कोई कमी नहीं आने दी जाएगी। धर्मनगरी के साथ ही 48 कोस कुरुक्षेत्र के तीर्थों का जीर्णोद्धार, ब्रह्मसरोवर का विकास, थीम आधारित चौक और सड़कों का निर्माण इसी विजन का हिस्सा है।

नशे पर पुलिस का प्रहार, नशीला पदार्थ रखने व सप्लाई करने का आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज. ▶▶| कुरुक्षेत्र

पुलिस ने नशा तस्करी के मामले में कारवाई करते हुए नशीला पदार्थ सप्लाई करने के आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस अधीक्षक चन्द्र मोहन के कुशल मार्गदर्शन में शाहबाद पुलिस ने नशीला पदार्थ सप्लाई करने के आरोपी आरोपीरणधीर उर्फ धीरू वासी बुहावी जिला कुरुक्षेत्र को माननीय अदालत से प्रोडक्शन वारंट पर लेकर मामले में गिरफ्तार करने में सफलत हासिल की है। जानकारी देते हुए पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि 19 अक्टूबर को शाम को पुलिस चौंकी शहर शाहबाद चौंकी प्रभारी पीएसआई मांगे राम, सहायक उप निरीक्षक गजराज, प्रवीन कुमार, मुख्य सिपाही सार्जेंट की टीम एरिया में गस्त पर थी। पुलिस टीम ने मिली गुप्त सूचना के आधार पर जंधेड़ी रोड पर नहर के पास नाकाबंदी करके कार को रुकवाकर आरोपियों को काबू करना चाहा तो कंडक्टर साइड में बैठे युवक ने पुलिस टीम पर फायरिंग कर दी थी। पुलिस टीम ने कार चालक आरोपी गौरव वासी जंधेड़ी जिला कुरुक्षेत्र को काबू कर लिया गया था। आरोपियों की कार की तलाशी लेने पर कार से करीब 40 लाख रुपए कीमत का 200 ग्राम चिट्टा 200 ग्राम चिट्टा बरामद हुआ था।

- पुलिस टीम ने मुख्य आरोपी से 40 लाख रुपये कीमत का 200 ग्राम चिट्टा किया था बरामद



बाबू बाल मुकुंद गुप्त का हिंदी साहित्य में योगदान विषय पर संगोष्ठी आज

कुरुक्षेत्र। कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलगुरु प्रो. सोमनाथ सचदेवा के मार्गदर्शन में हिंदी विभाग द्वारा हिंदी साहित्य के प्रतिष्ठित साहित्यकार, निर्भीक पत्रकार एवं प्रखर चिंतक बाबू बालमुकुंद गुप्त के साहित्यिक योगदान, व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर केंद्रित एक विशेष संगोष्ठी का आयोजन 13 नवंबर को किया जाएगा। यह संगोष्ठी प्रातः 11 बजे विश्वविद्यालय के गणपति चंद्र गुप्त सभागार में आयोजित होगी। संगोष्ठी का उद्देश्य हिंदी साहित्य के विकास में बाबू बालमुकुंद गुप्त के बहुआयामी योगदान को रेखांकित करने के साथ-साथ उनके साहित्यिक एवं पत्रकारिता संबंधी विचारों से विद्यार्थियों और शोधार्थियों को परिचित करवाना है।

युवाओं को नौकरी तलाशने वाला नहीं, रोजगार सृजित करने वाला बनना चाहिए: प्रो. सोमनाथ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के तत्वावधान में 10 से 16 नवंबर 2026 तक आयोजित सात दिवसीय राष्ट्रीय एकता शिविर का भव्य शुभारंभ हुआ। इस राष्ट्रीय स्तर के शिविर में देश के 16 राज्यों से आए लगभग 200 स्वयंसेवक भाग ले रहे हैं। शिविर का उद्देश्य विभिन्न राज्यों के युवाओं को साझा मंच प्रदान कर उनमें राष्ट्रीय एकता, सांस्कृतिक समन्वय, आपसी भाईचारे, सामाजिक सद्भाव एवं राष्ट्रीय चेतना की भावना को सुदृढ़ करना है। राष्ट्रीय एकता शिविर के उद्घाटन सत्र में कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलगुरु प्रो. सोमनाथ सचदेवा ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की और विभिन्न राज्यों से आए स्वयंसेवकों से संवाद कर उनका उत्साहवर्धन किया। शिविर का एक प्रमुख आकर्षण भव्य शोभायात्रा रही, जिसमें सभी 16 राज्यों के स्वयंसेवकों ने अपनी पारंपरिक वेशभूषा के माध्यम से अपने-अपने राज्यों का प्रतिनिधित्व किया। कुलगुरु ने कहा कि युवाओं को केवल नौकरी पाने वाला नहीं, बल्कि रोजगार के अवसर सृजित करने वाला बनना चाहिए।

- 16 राज्यों के स्वयंसेवकों की सहभागिता से कुवि में राष्ट्रीय एकता शिविर का शुभारंभ



ओपन हाउस क्विज प्रतियोगिता में नवयुग स्कूल के छात्र रिजुल सैनी बने विजेता

कुरुक्षेत्र। नवयुग सीनियर सेकेंडरी स्कूल, कुरुक्षेत्र के कक्षा नौवीं के मेधावी छात्र रिजुल सैनी ने विज्ञान के क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए विद्यालय और क्षेत्र का नाम रोशन किया है। आज 'विश्व विज्ञान दिवस एवं अंतर्राष्ट्रीय विज्ञान केंद्र व विज्ञान संग्रहालय दिवस' के शुभ अवसर पर कुरुक्षेत्र पैनोरमा एवं विज्ञान केंद्र (संस्कृति मंत्रालय, भारत सरकार की एक इकाई) द्वारा 'ओपन हाउस क्विज प्रतियोगिता' का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में विभिन्न विद्यालयों के विद्यार्थियों ने भाग लिया, जिसमें कड़े मुकाबले के बीच नवयुग स्कूल के छात्र रिजुल सैनी ने अपनी तीव्र बुद्धि और वैज्ञानिक ज्ञान का परिचय देते हुए विजेता का खिताब अपने नाम किया। विद्यालय प्रांगण में पहुंचने पर रिजुल सैनी की इस शानदार उपलब्धि पर विद्यालय के डायरेक्टर बी.डी. गाबा ने रिजुल सैनी, उनके अभिभावकों और विज्ञान संकाय के शिक्षकों को हार्दिक बधाई दी। उन्होंने कहा कि इस प्रकार की प्रतियोगिताओं से विद्यार्थियों में वैज्ञानिक दृष्टिकोण और तार्किक क्षमता का विकास होता है। विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ. देवेंद्र अरोड़ा ने भी छात्र की इस सफलता पर हर्ष व्यक्त करते हुए कहा कि हमारा विद्यालय सदैव विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास और उन्हें अपनी प्रतिभा निखारने के लिए मंच प्रदान करने हेतु प्रतिबद्ध है।



हसला प्रतिनिधिमंडल ने जिला शिक्षा अधिकारी से की मुलाकात


प्राध्यापकों की विभिन्न समस्याओं को उठाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

हरियाणा स्कूल लेक्चरर एसोसिएशन (हसला), जिला कुरुक्षेत्र के जिला अध्यक्ष डॉ. तरसेम कौशिक के नेतृत्व में एसोसिएशन के प्रतिनिधिमंडल ने जिला शिक्षा अधिकारी सुधीर कालड़ा से मुलाकात की तथा जिले के प्राध्यापकों एवं विद्यालयों से संबंधित विभिन्न महत्वपूर्ण समस्याओं को विस्तार पूर्वक उनके समक्ष रखा। इस अवसर पर हसला जिला अध्यक्ष डॉ. तरसेम कौशिक के साथ रामेश्वर दास, जसबीर कौर, सतपाल सिंह सहित एसोसिएशन के अन्य प्राध्यापक साथी भी उपस्थित रहे। प्रतिनिधिमंडल ने विभागीय कार्यप्रणाली में आ रही व्यावहारिक कठिनाइयों के समाधान के लिए आवश्यक कदम उठाने का आग्रह किया। इस अवसर पर डॉ. तरसेम कौशिक ने कहा कि विद्यालयों में शिक्षकों के वेतन भुगतान, मेडिकल प्रतिपूर्ति तथा अन्य आवश्यक वित्तीय मदों के लिए बजट जारी करने में अनावश्यक देरी के कारण प्राध्यापकों के समक्ष वित्तीय समस्याएं आ रही हैं। उन्होंने जिला शिक्षा अधिकारी से आग्रह किया कि संबंधित विद्यालयों की बजट आवश्यकताओं का आकलन करवाकर पर्याप्त बजट समय पर आवंटित करवाया जाए, ताकि शिक्षकों को वेतन एवं अन्य वित्तीय लाभों के लिए अनावश्यक प्रतीक्षा न करनी पड़े। उन्होंने प्राध्यापकों के ब्लॉक ईयर 2024-27 की लंबित एलटीसी के मामलों को भी प्रमुखता से उठाया।



पंजाबी विश्वकर्मा सभा ने करवाया धार्मिक समागम



पिहोवा। सृजन कला के जनक भगवान विश्वकर्मा दिवस के मौके पर पंजाबी विश्वकर्मा सभा की ओर से विश्वकर्मा भवन में धार्मिक समागम करवाया गया। रघुबीर सिंह खालसा के ढाडी जत्थे ने गुरुओं और संत महापुरुषों की महिमा का गुणगान किया। समागम में बतौर मुख्यातिथि भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के प्रदेशाध्यक्ष डॉ अवनीत सिंह वड़ैच और हरियाणा सिख गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के कार्यकारिणी सदस्य कुलदीप सिंह मुल्तानी ने हिस्सा लिया। भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के प्रदेशाध्यक्ष डॉ अवनीत सिंह वड़ैच ने कहा कि भगवान विश्वकर्मा ने समाज को सृजन व निर्माण की कला के साथ-साथ हाथ का हुनर दिया। जिसकी बदौलत समाज के करोड़ों लोग अपनी आजीविका चला रहे हैं। उनके अनुयायी हमेशा मेहनतकश और कमेरे रहे हैं। उन्होंने बताया कि केंद्र सरकार की ओर से विश्वकर्मा योजना के माध्यम से पारंपरिक कारीगरों को कौशल प्रशिक्षण और आधुनिक औजारों के लिए सहायता दी जा रही है। सस्ती दरों पर ऋण भी उपलब्ध करवाया जा रहा है। एचएसजीएमसी सदस्य कुलदीप सिंह मुल्तानी ने कहा कि जितने भी महापुरुषों का इस धरती पर अवतरण हुआ उनकी विचारधारा को अपने जीवन में अपनाने की जरुरत पूरे देश को है ताकि चरित्रवान कर्तव्यनिष्ठ और सभ्य समाज का निर्माण हो सके।

15 नवंबर को आजाद नगर तथा बारना में जमेगी कांग्रेस की चौपाल



कुरुक्षेत्र। कांग्रेस द्वारा वोट बचाओ, देश बचाओ कार्यक्रम के तहत आयोजित चौपाल के अंतर्गत 15 नवंबर, रविवार को शाम साढ़े 4 बजे आजाद नगर की 100 फुटा रोड पर कार्यक्रम होगा। इसे रोहतक के सांसद दीपेंद्र हुड्डा संबोधित करेंगे। इससे पूर्व शाम साढ़े 3 बजे गांव बारना में आयोजित चौपाल कार्यक्रम में भी दीपेंद्र हुड्डा शिरकत करेंगे। इस कार्यक्रम की तैयारी को लेकर थानेसर विधायक अशोक अरोड़ा ने इंप्रूवमेंट ट्रस्ट के पूर्व चेयरमैन जलेश शर्मा के शांति नगर स्थित निवास पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं की बैठक की। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए कार्यकर्ताओं की ड्यूटियां लगाई गईं। इस बैठक में पार्षद मनु जैन, पूर्व पार्षद संदीप टेका, पूर्व पार्षद पंकज चोचड़ा, पूर्व पार्षद सोहन चौधरी, कांग्रेस नेता महेश शर्मा गामड़ी, कांग्रेस के शहरी प्रधान विवेक मेहता विक्की, ग्रामीण प्रधान सुनील राणा, वरिष्ठ कांग्रेस नेता एडवोकेट दीपक पराशर, सुभाष पाली, विशाल मौदगिल, अशोक भट्ट, जय नारायण शर्मा, सुनील सैनी, दीपक शर्मा, इशान शर्मा सहित अनेक कार्यकर्ता मौजूद रहे। 15 नवंबर को आजाद नगर और गांव बारना में आयोजित चौपाल कार्यक्रमों की सफलता के लिए युवा कांग्रेस के जिला प्रधान कुलदीप ढिल्लो हथीरा अपनी टीम के साथ जुट गए हैं। जिला प्रधान कुलदीप ढिल्लो घर-घर जाकर लोगों को इस कार्यक्रम में शामिल होने का न्योता दे रहे हैं।

सहायता | जन कल्याण मंच कुरुक्षेत्र ने स्थापना दिवस पर समारोह मनाया, 100 विद्यार्थियों को वितरित की जर्सियां

जरूरतमंदों की मदद करना प्रभु भक्ति से कम नहीं : मंढान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

जन कल्याण मंच कुरुक्षेत्र (रजि०) हरियाणा की ओर से स्थापना दिवस के अवसर पर भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर संस्था की ओर से 100 जरूरतमंद विद्यार्थियों को जर्सियां वितरित की गईं। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जोगना रियल एस्टेट के कारोबारी एवं समाजसेवी महावीर मंढान ने शिरकत की, जबकि थानेसर ब्लॉक समिति के चेयरमैन प्रतिनिधि एवं समाजसेवी राम मेहर शर्मा आचार्य ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की। मुख्य अतिथि महावीर मंढान ने अपने संबोधन में कहा कि जरूरतमंदों और असहाय लोगों की सहायता करना प्रभु भक्ति से कम नहीं है। जो व्यक्ति समाज के कमजोर और जरूरतमंद वर्ग के चेहरे पर मुस्कान लाने का प्रयास करता है, वह वास्तव में मानवता की सच्ची सेवा करता है। जन कल्याण मंच द्वारा विद्यार्थियों को जर्सियां वितरित करने जैसे पुनीत कार्य समाज के लिए प्रेरणादायक हैं। उन्होंने संस्था के पदाधिकारियों की सेवा भावना और सामाजिक समर्पण की सराहना की। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे राम मेहर शर्मा आचार्य ने कहा कि जन कल्याण मंच द्वारा जनहित में किए जा रहे कार्य अत्यंत प्रशंसनीय हैं। संस्था जरूरतमंदों की सहायता के साथ-साथ शिक्षा, संस्कार और संस्कृति के संरक्षण एवं संवर्धन के लिए भी सराहनीय प्रयास कर रही है। उन्होंने आगामी कार्यक्रमों की जानकारी देते हुए कहा कि संस्था का उद्देश्य समाज के प्रत्येक जरूरतमंद व्यक्ति तक सहायता पहुंचाना और सामाजिक जागरूकता के क्षेत्र में निरंतर कार्य करना है। संस्था के वरिष्ठ उपाध्यक्ष रमेश दत्त शर्मा ने शिक्षा, संस्कार और संस्कृति के क्षेत्र में मंच द्वारा किए गए कार्यों की सराहना की।



कुरुक्षेत्र। जर्सियां वितरित करते संस्था के पदाधिकारी।

डॉ. आशीष अनेजा ने स्वास्थ्य संबंधी दिए टिप्स

कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि महेंद्र शर्मा ने संस्था को आश्वस्त किया कि भविष्य में भी वे इसी प्रकार आर्थिक सहयोग प्रदान करते रहेंगे, ताकि मंच के जनहितकारी कार्य निरंतर आगे बढ़ते रहें। डॉ. आशीष अनेजा ने उपस्थित पदाधिकारियों को बेहतर स्वास्थ्य बनाए रखने के लिए महत्वपूर्ण सुझाव दिए। कार्यक्रम में पहुंचे सभी अतिथियों एवं संस्था के पदाधिकारियों का मंच के महासचिव सरपंच बलदेव सिंह सैनी व प्रवक्ता गुलशन कुमार ग्रोवर ने जोरदार स्वागत किया। मंच संचालन संस्था के प्रोजेक्ट कोऑर्डिनेटर अनिल कपूर ने किया। इस अवसर पर संस्था के पदाधिकारियों ने स्थापना दिवस पर समाजसेवा के संकल्प को और मजबूत बनाने की प्रतिबद्धता दोहराई। कार्यक्रम के अंत में संस्था के महासचिव सरदार बलदेव सिंह सैनी ने सभी अतिथियों, सहयोगियों एवं उपस्थित सदस्यों का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि जन कल्याण मंच भविष्य में भी पूर्ण समर्पण और सेवा भावना के साथ जनहित के कार्यों में अग्रणी भूमिका निभाता रहेगा। इस अवसर पर संस्था के उपप्रधान जगमोहन बंसल, रामपाल सरोहा, कोषाध्यक्ष धर्म सिंह जोगनाखेड़ा, हेमंत यादव, तरुण वधवा, शिव किरमच, स्वतंत्र शर्मा, के.सी. वर्मा, संजय शर्मा, शैलेश वत्स,राजिन्द्र सिंह, सुभाष सिद्धू सहित अनेक पदाधिकारी एवं गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

खबर संक्षेप

शिकायतों का शीघ्र समाधान करें अधिकारीः एसडीएम

अंबाला। एसडीएम दर्शन कुमार ने कहा कि संबंधित विभागों के अधिकारी समाधान शिविर में प्राप्त होने वाली प्रत्येक शिकायत का प्राथमिकता के आधार पर समाधान करवाना सुनिश्चित करें। एसडीएम वीरवार को उपायुक्त कार्यालय के सभागार में आयोजित समाधान शिविर की अध्यक्षता कर रहें थे। इस दौरान उन्होंने शिविर में पंहुचे लोगों की समस्या एवं शिकायतों को सुनने का काम किया और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक कार्रवाई कर समस्याओं के समाधान करने के निर्देश दिए। इस दौरान समाधान शिविर में जग्गी गाडर्न फेस वन प्रीतम सिंह ने खाली पडे प्लाटों में उगी घास व भांग के पौधे को नगर निगम द्वारा साफ करवाने गांव उपलाना की रितु ने प्रोपर्टी आईडी ठीक करवाने बारे, नया गांव निवासी नमन्ना ने फैमिली आईडी में इनकम वैरिफिकेशन की शिकायतें रखी।

कृषि मुक्ति दिवस पर छात्रों को खिलाई गोली

अंबाला। राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस के उपलक्ष्य में सिविल सर्जन द्वारा एमएम इंटरनेशनल स्कूल, सद्दोपुर एवं राजकीय उच्च विद्यालय पुलिस लाइन में राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस कार्यक्रम का उदघाटन वहां उपस्थित बच्चों को एलबैंडाजोल की गोलियां खिलाकर किया गया। इस क्रम में डॉ. बलजिंद्रर कौर उप सिविल सर्जन स्कूल हेल्थ , डॉ. धितिका माही, जिला नोडल अधिकारी एवं डॉ. नेहा कौशिक, जिला किशोर स्वास्थ्य अधिकारी, स्कूल हेल्थ उपस्थित रहे। राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस पूरे जिलेभर में बहुत ही उत्साह के साथ मनाया गया।

अधिक स्क्रीन टाइम स्वास्थ्य को कर रहा प्रभावित

मुलाना। महाराणा प्रताप नेशनल कॉलेज में यूथ रेड क्रॉस एवं रेड रिबन क्लब के संयुक्त तत्वावधान में जीवन के रंग, अच्छी सेहत के संग विषय पर पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता आयोजित की गई। प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए स्वस्थ जीवनशैली का संदेश अपने रंगों और रचनात्मकता के माध्यम से प्रस्तुत किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कॉलेज की प्राचार्या डॉ. राजश्री खरे ने की। विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि आज की भागदौड़ भरी जिंदगी, पढ़ाई का बढ़ता दबाव और अत्यधिक स्क्रीन टाइम युवाओं के शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य को प्रभावित कर रहा है।

लॉर्ड महावीर जैन में छात्रों को किया जागरूक

अंबाला। जिला एवं सत्र न्यायाधीश के कुशल मार्गदर्शन में लॉर्ड महावीर जैन पब्लिक स्कूल में एक विशेष विधिक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में स्कूल के सभी विद्यार्थियों को कानून-प्रणाली व साइबर क्राइम पर आवश्यक जानकारी प्रदान कर जागरूक किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी-सह-सचिव, डीएलएसए गीतांजलि गोयल उपस्थित रहीं। डीएलएसए की लीगल ऐड काउंसिल, एडवोकेट अनीता वर्मा द्वारा यह जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया।

लालकुर्ती बाजार में बिना एनओसी के चल रहे हैं होटल, कार्रवाई के निर्देश

जनता की शिकायतों पर तुरंत कार्रवाई करें अधिकारी : विज

बोले, यदि कोई समाधान में देरी करेगा तो फिर मैं कार्रवाई करने में देरी नहीं करूंगा, लोगों को बार-बार अपनी समस्याओं को लेकर न आना पडे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला



अंबाला। लोगों की समस्याएं सुनते मंत्री अनिल विज। फोटो : हरिभूमि

परिवहन एवं श्रम मंत्री अनिल विज ने सख्त लहजे में कहा कि वह सभी विभागों को यही कह रहे हैं कि जनता की शिकायतों का तुरंत समाधान किया जाए। यदि कोई समाधान में देरी करेगा तो फिर मैं कार्रवाई करने में देरी नहीं करूंगा, लोगों को बार-बार अपनी समस्याओं को लेकर न आना पड़े, इसलिए त्वरित कार्रवाई होनी चाहिए। विज अंबाला छावनी के पीडब्ल्यूडी रेस्ट हाउस में जनसमस्याओं को सुन रहे थे।

विज के समक्ष एक व्यक्ति ने अंबाला छावनी तहसील में एक पटवारी द्वारा आठ माह से इंतकाल नहीं करने और बार-बार चक्कर लगाने के मामले में कड़ा संज्ञान लिया। एसडीएम को मामले में जांच कर कड़ी कार्रवाई के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि पटवारी द्वारा व्यक्ति को बार-बार क्यों चक्कर लगवाए जा रहे हैं। उन्होंने निर्देश दिए कि इंतकाल में हो रही देरी की जांच की जाए और यदि जांच में पटवारी दोषी पाया जाता है तो उसे निलंबित भी किया जाए। इसी प्रकार, एक अन्य मामले में सीनियर सिटीजन ने तहसील में एक अन्य पटवारी द्वारा उसकी रजिस्टरी नहीं होने की शिकायत पर ऊर्जा मंत्री अनिल विज ने कड़ा संज्ञान लिया और कार्रवाई के निर्देश दिए।

नप अधिकारियों को लगाई फटकार

ऊर्जा मंत्री अनिल विज के समक्ष लालकुर्ती के व्यक्ति ने शिकायत देते हुए कहा कि लालकुर्ती में गत दिनों आगजनी की घटना हुई थी, मगर इसके बावजूद भी नगर परिषद, फायर ब्रिगेड या पुलिस द्वारा मामले में कोई संज्ञान नहीं लिया गया है। उसका आरोप था कि लालकुर्ती में बिना एनओसी के कई होटल बन चुके हैं मगर नगर परिषद व अन्य किसी विभाग द्वारा कोई कार्रवाई नहीं की गई है जिससे भविष्य में भी हादसों का खतरा क्षेत्र में बना हुआ है। मंत्री अनिल विज ने मामले में नगर परिषद अधिकारियों को तुरंत कार्रवाई के निर्देश दिए। विज ने कबूतरबाजी मामलों में एसपी को सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए, बोले मैंने पहले दो एसआईटी गठित कर कई कबूतरबाजों पर की थी कार्रवाई।

टैक्स नहीं वसूलने पर लगाई फटकार

ऊर्जा मंत्री अनिल विज को महिला ने शिकायत देते हुए नगर परिषद की कार्यप्रणाली पर आरोप लगाए और कहा कि 17 वर्षों से नगर परिषद कुछ दुकानों का प्रापर्टी टैक्स वसूल नहीं कर रही है। उसने कहा कि इस मामले में वह कई बार शिकायत कर चुकी है मगर कोई कार्रवाई नहीं की गई है। महिला की शिकायत पर मंत्री अनिल विज ने कड़ा संज्ञान लेते हुए नप अधिकारियों को फटकार लगाई, उन्होंने कहा कि नगर परिषद द्वारा टैक्स रिकवरी में इतनी ढिलाई क्यों बरती जा रही है। उन्होंने हैरानी जताई की 17 वर्षों का टैक्स अब तक क्यों वसूला नहीं गया। उन्होंने सप्ताह के भीतर मामले में कार्रवाई के निर्देश दिए। इसी तरह ग्रीन पार्क क्षेत्र निवासी महिला ने शिकायत देते हुए विज को बताया कि उसके पड़ोस में खाली प्लाट में लगातार कचरा फेंका जाता है जिससे क्षेत्र में गंदगी फैल रही है। विज को नसीब बाग से आए लोगों ने शिकायत देते हुए कहा कि बिजली विभाग द्वारा बिजली के खंभे गली में सीवर लाइन पर लगा दिए गए हैं जिससे गली का चार फुट रास्ता ब्लॉक हो गया है। उन्होंने बताया कि इन पोल पर ट्रांसफार्मर लगा है जिससे हादसा हो सकता है। मंत्री अनिल विज ने विभाग के एसई व एक्सईएन को मामले में जांच कर कार्रवाई के निर्देश दिए।

ऊर्जा मंत्री ने अधिकारियों को कार्रवाई के निर्देश दिए

जनसुनवाई के दौरान उन्होंने उकलाना के व्यक्ति ने उसकी जमीन पर ट्रांसफार्मर नहीं लगने, महेशनगर क्षेत्र निवासी लोगों ने गलियों में बिजली की तारों को बदलने व ठीक करने, अंबाला छावनी निवासी युवक ने पंजोखरा साहिब थाने में कुछ व्यक्तियों द्वारा उसे धमकाने व पुलिस द्वारा कार्रवाई नहीं करने, कुरुक्षेत्र निवासी व्यक्ति ने गलत तरीके से दूसरे प्लाटों पर बिजली के मीटर लगवाने, कैंट बस स्टैंड के निकट ढाबा संचालक द्वारा सरकारी शौचालय पर कब्जा करने, विवाहिता द्वारा महेशनगर पुलिस द्वारा मारपीट मामले में कार्रवाई नहीं करने, करधान में कब्जे होने आदि की शिकायतें पर संबंधित विभाग को कार्रवाई के निर्देश दिए। मौके पर एसडीएम कनिका गोयल, डीएसपी कुलदीप, नप उपाध्यक्ष ललता प्रसाद, अजय बवेजा, सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

गऊशाला कमेटियों को दिए अनुदान के चेक

अनिल विज ने विभिन्न गऊशालाओं की कमेटियों को लाखों रुपए के चेक अनुदान स्वरूप दिए। उन्होंने बताया कि प्रदेश सरकार द्वारा 635 गऊशालाओं के संचालन के लिए 87 करोड 50 लाख रूपए की राशि अनुदान तौर पर दी गई है। इसी कड़ी में अम्बाला छावनी में रामबाग गऊशाला समिति को 27.13 लाख व गांव खतौली गऊशाला को 4 लाख रूपए के चेक दिए।

पांच करोड़ रुपये से सीवरेज कार्य का किया शिलान्यास



अंबाला। सीवरेज लाइन का शिलान्यास करते पूर्व मंत्री असीम गोयल।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

- सीएम सैनी के नेतृत्व में प्रदेश कर रहा प्रगति : गोयल

पूर्व मंत्री श्री असीम गोयल नन्यौला ने वीरवार का गांव डंगडेहरी में लगभग 5 करोड़ 5 लाख रुपये की लागत से गांव डंगडेहरी, डडियाना, मानकपुर, लोहगढ़ एवं देवी नगर में सीवरेज लाइन बिछाने के महत्वपूर्ण विकास कार्य का शिलान्यास किया। इस अवसर पर उन्होंने एक कन्या के हाथों शिलान्यास करवाकर बेटियों के सम्मान और सामाजिक समानता का संदेश दिया। गोयल ने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में प्रदेश में विकास कार्यों को निरंतर गति मिल रही है। मुख्यमंत्री जी की सोच है कि शहरों के साथ-साथ गांवों में भी आधुनिक एवं बेहतर बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध करवाई जाएं। इसी दिशा में अंबाला शहर विधानसभा क्षेत्र में भी विकास कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर आगे बढ़ाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि लगभग 5 करोड़ 5 लाख रुपये की लागत से पूरी होने वाली यह परियोजना पांचों गांवों के लिए महत्वपूर्ण साबित होगी। सीवरेज लाइन बिछने से ग्रामीणों को बेहतर सीवरेज सुविधा उपलब्ध होगी तथा क्षेत्र में स्वच्छता व्यवस्था को मजबूती मिलेगी। यह परियोजना क्षेत्रवासियों के जीवन स्तर को बेहतर बनाने और स्वच्छ एवं स्वस्थ वातावरण तैयार करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। पूर्व मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन और मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी जी के नेतृत्व में डबल इंजन सरकार जनकल्याण और विकास के संकल्प के साथ निरंतर कार्य कर रही है। सरकार की प्राथमिकता अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति तक विकास का लाभ पहुंचाना है। इस अवसर पर नगर निगम सदस्य विशाल राणा, निगम सदस्य गुरप्रीत सिंह शाना, पूर्व नगर निगम सदस्य जसबीर सिंह, सुंदर ढींगरा, कर्म सिंह, भाग सिंह, मनप्रीत सिंह, हेमराज, संजीव गोयल टोनी, नाथी राम सहित भाजपा के अनेक सम्मानित कार्यकर्ता मौजूद रहे।

2651 नई राशन डिपो के लाइसेंस के लिए अब 25 तक करें आवेदन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

नए राशन डिपो का लाइसेंस लेने के इच्छुक लोगों को सरकार ने आवेदन के लिए 15 दिन का अतिरिक्त समय दिया है। प्रदेश में 2651 नई उचित मूल्य की दुकानों (राशन डिपो) के लाइसेंस के लिए अब 25 नवंबर तक ऑनलाइन आवेदन किए जा सकेंगे। पहले आवेदन करने की अंतिम तिथि 10 नवंबर निर्धारित की गई थी। खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले विभाग ने आवेदन की तारीख बढ़ाने के संबंध में आदेश जारी कर दिए हैं। विभाग की ओर से जारी पत्र के अनुसार, प्रदेश में 2651 नए उचित मूल्य की दुकानों के लिए डिपो लाइसेंस जारी करने के उद्देश्य से 10 अक्टूबर को ऑनलाइन पोर्टल शुरू किया गया था। इसके लिए आवेदन की अंतिम तिथि 10 नवंबर तय की गई थी, जिसे अब बढ़ाकर 25 नवंबर कर दिया गया है। ऐसे में जिन इच्छुक आवेदकों ने अभी तक आवेदन नहीं किया है, उन्हें आवेदन करने का अतिरिक्त मौका मिलेगा। विभाग ने प्रदेश के सभी जिला खाद्य एवं आपूर्ति नियंत्रकों को निर्देश दिए हैं कि आवेदन की बढ़ी हुई तारीख की जानकारी अधिक से अधिक लोगों तक पहुंचाई जाए। इसके लिए गांवों और शहरों में विशेष मुनादी करवाने को कहा गया है। साथ ही खाद्य एवं आपूर्ति विभाग की आधिकारिक वेबसाइट पर भी सार्वजनिक सूचना अपलोड करने के निर्देश दिए गए हैं।



विज्ञान कूटनीति से समान आधार बनाने का संदेश, डीएवी की गरीमा रही प्रथम

कुरुक्षेत्र। कुरुक्षेत्र पैनोरमा एवं विज्ञान केन्द्र में विश्व विज्ञान दिवस एवं अंतरराष्ट्रीय विज्ञान केन्द्र एवं विज्ञान संग्रहालय दिवस उत्साह के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का विषय 'विज्ञान कूटनीति के माध्यम से समान आधार' रहा। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में डॉ. जय भगवान सिंगला उपस्थित रहे। डॉ. सिंगला ने कहा कि विज्ञान संग्रहालय राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर वैज्ञानिक समझ को मजबूत करने तथा विश्व शांति और सतत समाज के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में विभिन्न विद्यालयों के 21 विद्यार्थियों को विजेता घोषित किया गया। वहीं स्लोगन लेखन प्रतियोगिता में डीएवी पुलिस पब्लिक स्कूल की गरिमा ने प्रथम, बाबा सिद्धनाथ इंटरनेशनल पब्लिक स्कूल की काम्या ने द्वितीय और संजय गांधी ओमप्रकाश गर्ग मेमोरियल स्कूल, बाबैन की परनीता ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। इसके अलावा पांच विद्यार्थियों को सांत्वना पुरस्कार प्रदान किए गए।

लाइनलॉस घटाकर 9 प्रतिशत पर लाने का लक्ष्य, बिजली निगम चलाएगा अभियान

- ओवरलोड ट्रांसफार्मरों की क्षमता बढ़ाने के साथ बिजली चोरी पर अंकुश लगाने पर होगी कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अंबाला

बिजली चोरी और तकनीकी खामियों से होने वाले नुकसान को कम करने के लिए बिजली निगम सर्दियों में विशेष अभियान चलाएगा। अंबाला सर्कल में फिलहाल लाइनलॉस 10.3 प्रतिशत है, जिसे घटाकर 9 प्रतिशत पर लाने का लक्ष्य रखा गया है। इसके लिए पुरानी और जर्जर बिजली लाइनें बदलने, ओवरलोड ट्रांसफार्मरों की क्षमता बढ़ाने और बिजली चोरी पर अंकुश लगाने के लिए कार्रवाई होगी। निगम ने सभी सब डिवीजनों से क्षेत्रवार रिपोर्ट मांगी है। इसमें अधिक लाइनलॉस वाले फीडरों और क्षेत्रों की पहचान की जाएगी। रिपोर्ट के आधार पर सुधार कार्यों की प्राथमिकता तय होगी। अम्बाला सर्कल में 4 लाख से ज्यादा घरेलू, व्यवसायिक, औद्योगिक और कृषि ट्यूबवेल कनेक्शन हैं। इनमें सबसे ज्यादा खपत घरेलू उपभोक्ताओं की है। गर्मियों के पीक सीजन में बिजली की खपत प्रतिदिन 1 करोड़ यूनिट तक पहुंच जाती है। एसई वीके गोयल ने बताया कि बिजली की खपत और सप्लाई के आंकड़ों का मिलान कर तकनीकी खामियों और बिजली चोरी के कारणों का पता लगाया जाएगा। इसके बाद जरूरत के अनुसार लाइनों और ट्रांसफार्मरों में सुधार होगा। कई ट्रांसफार्मरों की क्षमता पहले भी बढ़ाई जा चुकी है।

100 यूनिट सप्लाई में 10.3 यूनिट का नुकसान

लाइनलॉस का मतलब है कि बिजली घर से जितनी बिजली सप्लाई होती है, उतनी पूरी बिजली उपभोक्ताओं के मीटर में दर्ज नहीं होती। इसमें तारों में तकनीकी कारणों से होने वाला नुकसान और बिजली चोरी से मीटर में दर्ज नहीं होने वाली खपत शामिल है। उदाहरण के तौर पर किसी क्षेत्र में 100 यूनिट बिजली सप्लाई हुई और मीटरों में 89.7 यूनिट दर्ज हुई तो बाकी 10.3 यूनिट का अंतर लाइनलॉस कहलाएगा। इससे निगम को सप्लाई का राजस्व नहीं मिल पाता।

दुकान पर कब्जे को लेकर एएसआई पर किया हमला, महिला समेत कई पर केस

अंबाला। छावनी के व्यस्त बजाजा बाजार में दुकान पर अवैध कब्जे को लेकर विवाद खूनी संघर्ष में बदल गया। आरोप है कि मौके पर पहुंचे एएसआई हरिओम पर कब्जाधारियों ने लाठी-डंडों से हमला कर दिया। बीच-बचाव करने आए दुकानदार और उनके परिजन भी मारपीट में घायल हो गए। पुलिस ने मुख्य आरोपी महिला रूपा, उसके बेटे यश समेत अन्य के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। दुकान मालिक प्रवीन रस्तोगी के अनुसार, दुकान के मालिकाना हक को लेकर विवाद चल रहा है। उन्होंने पहले भी शिकायत दी थी कि रूपा ने दुकान का ताला तोड़कर कब्जा करने का प्रयास किया था। इस संबंध में थाना कैंट में केस दर्ज है। 10/11 नवंबर की रात करीब 12:15 बजे प्रवीन ने पुलिस को सूचना दी कि आरोपियों ने दोबारा ताला तोड़कर दुकान पर कब्जा कर लिया है। सूचना पर एएसआई हरिओम मौके पर पहुंचे। वहां रूपा, उसका बेटा यश और 5-6 अन्य युवक मौजूद थे। आरोप है कि पूछताछ करने पर आरोपियों ने एएसआई से हाथापाई की। रूपा ने डंडे से उनकी दाहिनी बाजू पर वार किए। साथ ही उनकी कार के शीशे भी तोड़े दिए। आरोपियों ने गाली-गलौज कर जान से मारने की धमकी भी दी। इस दौरान प्रवीन रस्तोगी, उनके भांजे हिमांशू और अनुभव ने बीच-बचाव किया तो उन पर भी हमला कर दिया गया। यश ने अनुभव के मुंह और माथे पर ईंट से वार किया। घायल हिमांशू को अस्पताल ले जाते समय आरोपियों ने कार का पीछा कर उसके आगे-पीछे के शीशे तोड़ दिए।

छठ पर्व पर घर लौटने वाले यात्रियों का रेलवे स्टेशन पर उमड़ा सैलाब

- जनसेवा व आम्रपाली एक्सप्रेस की सबसे बुरी हालत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अंबाला

छठ महापर्व पर घर लौटने वाले यात्रियों का सैलाब उमड़ने से रेलवे स्टेशन और ट्रेनों में हालात बेकाबू हो गए हैं। बिहार और पूर्वांचल की ओर जाने वाली प्रमुख ट्रेनों—जनसेवा और आम्रपाली एक्सप्रेस—में स्थिति सबसे ज्यादा खराब है। प्लेटफॉर्म पर ट्रेन के पहुंचते ही डिब्बों में चढ़ने के लिए यात्रियों के बीच जमकर धक्का-मुक्की हो रही है। जनरल कोचों में तिल रखने तक की जगह नहीं बची है, जिसके चलते सैकड़ों यात्री अपनी जान जोखिम में डालकर कोच के दरवाजों पर लटक कर सफर करने को मजबूर हैं। भीड़ का दबाव इतना अधिक है कि अनारक्षित यात्री अब स्लीपर के साथ-साथ एसी व अन्य आरक्षित कोचों में भी जबरन घुस रहे हैं। इससे कंफर्म टिकट वाले यात्रियों को भारी परेशानी और असुरक्षा का सामना करना पड़ रहा है। रेलवे के तमाम दावों के बावजूद भीड़ नियंत्रण के इंतजाम नाकाफी साबित हो रहे हैं।

बेटी से बिछुड़ी मां, रो रोकर बुरा हाल

छठ पर्व पर बिहार घर लौट रही एक मां-बेटी अंबाला छावनी रेलवे स्टेशन पर जनसेवा एक्सप्रेस की भारी भीड़ के कारण बिछड़ गईं। बिहार के सहरसा निवासी गीता ने बताया कि वह 18 वर्षीय बेटी कविता के साथ प्लेटफार्म-2 पर ट्रेन में सवार होने पहुंची थीं। भीड़ के बीच पहले बेटी कविता किसी तरह ट्रेन में चढ़ गई। उन्होंने चढ़ने का प्रयास किया, लेकिन दरवाजे पर धक्का-मुक्की के दौरान उनका पैर फिसल गया और वह प्लेटफार्म पर गिर गईं। ट्रेन चल पड़ी और बेटी अंदर ही रह गई। बेटी से बिछड़ने पर गीता का रो-रोकर बुरा हाल हो गया। जीआरपी कर्मियों और यात्रियों ने उन्हें ढांढस बंधाया।

एनआईटी के दो विद्यार्थियों को मिली ओपीजेईएमएस छात्रवृत्ति

कुरुक्षेत्र। राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान (एनआईटी) कुरुक्षेत्र के दो विद्यार्थियों ने अपनी शैक्षणिक प्रतिभा के दम पर संस्थान का नाम रोशन किया है। बीटेक के छात्र आदित्य प्रताप सिंह और अक्षत राज को प्रतिष्ठित ओपीजेईएमएस छात्रवृत्ति के लिए चयनित किया गया है। यह छात्रवृत्ति ओपी जिंदल समूह की ओर से देश के प्रमुख संस्थानों में मेधावी इंजीनियरिंग और प्रबंधन के विद्यार्थियों को प्रदान की जाती है। छात्रवृत्ति प्राप्त करने वाले आदित्य प्रताप सिंह बीटेक इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग के तीसरे वर्ष के विद्यार्थी हैं, जबकि अक्षत राज बीटेक सिविल इंजीनियरिंग के प्रथम वर्ष में अध्ययनरत हैं। दोनों विद्यार्थियों को इस उपलब्धि के लिए 80-80 हजार रुपये की पुरस्कार राशि, एक-एक रजत पदक और योग्यता प्रमाण पत्र प्रदान किया जाएगा। इस छात्रवृत्ति के लिए एनआईटी कुरुक्षेत्र के कुल 36 विद्यार्थियों ने प्रतिस्पर्धा की। इनमें सिविल, मैकेनिकल और इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग शाखाओं के चार वर्षीय बीटेक पाठ्यक्रम के विद्यार्थी शामिल थे। चयन प्रक्रिया में संबंधित शाखाओं के विद्यार्थियों ने प्रथम से तृतीय रैंक तक स्थान हासिल किया। ओपीजेईएमएस छात्रवृत्ति का उद्देश्य विद्यार्थियों में शैक्षणिक उत्कृष्टता के साथ नेतृत्व क्षमता को प्रोत्साहित करना है। यह छात्रवृत्ति उन प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को दी जाती है, जिनमें ओपी जिंदल के विचारों और मूल्यों को अपनाते हुए उद्यमशीलता और नवाचार के क्षेत्र में आगे बढ़ने की क्षमता हो। दोनों विद्यार्थियों की इस उपलब्धि से एनआईटी कुरुक्षेत्र में खुशी का माहौल है।

जिले में प्रदूषण की स्थिति खराब, सांस व फेफड़ों के मरीजों के लिए नुकसानदायक

अंबाला। जिले में वायु प्रदूषण की स्थिति अभी खराब है। बीते 24 घंटों में वायु गुणवत्ता सूचकांक में मामूली गिरावट देखने को मिली है, लेकिन हवा की गुणवत्ता अभी भी खराब श्रेणी में बनी हुई है। बीते रोज शहर का एक्यूआई 300 पार था। सूचकांक में में कमी आने के बावजूद आबो-हवा में घुला जहर लोगों के लिए परेशानी का सबब बना हुआ है। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के आंकड़ों के अनुसार यहां प्रदूषण का मुख्य कारक सूक्ष्म कण यानी पीएम 2.5 रहा। हवा में घुली यह महीन धूल और धुआं सीधे फेफड़ों तक पहुंचकर सांस के मरीजों के लिए बेहद नुकसानदायक साबित हो रही है। मौसम में बदलाव और सुबह-शाम गिरते तापमान के कारण हवा की गति धीमी पड़ गई है। इससे वातावरण में मौजूद धुआं और धूल के कण बाहर नहीं निकल पा रहे हैं और शहर के ऊपर धुंध की चादर छाई हुई है।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक
ऑफिस नं.: 9253681019-20, फोन : 8295154800, 9253681010, 9253681005

रत्तपुर कॉलोनी में आवारा सांडों का फैला आतंक

पंचकूला। पंचकूला के पिंजौर की रत्तपुर कॉलोनी में आवारा सांडों का आतंक थमने का नाम नहीं ले रहा है। गलियों में खुलेआम घूम रहे ये सांड अब लोगों की जान और माल दोनों के लिए बड़ा खतरा बन गए हैं।

पिंजौर रेलवे लाइन के पास स्थित टावर वाली गली में दो सांडों के बीच हुई खूनी भिड़ंत से पूरे इलाके में दहशत फैल गई। इस दौरान सांडों ने गली में खड़ी एक कार और बाइक को बुरी तरह क्षतिग्रस्त कर दिया। गनीमत रही कि घटना के वक्त गली में कोई बच्चा या बुजुर्ग मौजूद नहीं था, वरना बड़ा हादसा हो सकता था। डर के कारण अभिभावक बच्चों को गली में खेलने नहीं भेज रहे। स्थानीय लोगों के मुताबिक, ये सांड कई बार अचानक राहगीरों पर भी हमला कर चुके हैं।

अंबाला छावनी में पक्के घाट में होगी छठ पूजा, व्रतियों को सौगात

चंदपुरा में टांगरी नदी पुल किनारे एक एकड़ में बना छठ घाट

घाट पर होंगे शौचालय, कपड़े बदलने के लिए कमरे, बिजली व्यवस्था व अन्य आवश्यक प्रबंध

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

हरियाणा के ऊर्जा, परिवहन एवं श्रम मंत्री अनिल विज ने कहा कि छठ पूजा देश का एक महत्वपूर्ण त्यौहार है। छठी मैया की पूजा की जाती है। हमारे शहर व आसपास क्षेत्र में इस त्यौहार को मनाने वाले बहुत लोग है। त्यौहार मनाने के लिए घाट में खड़े होकर लोग पूजा करते हैं, यहां कोई पक्का घाट नहीं था, लोग किसी प्लाट में पानी भरकर पूजा करते थे। अब हम अंबाला छावनी में एक एकड़ में पक्का घाट बनाकर दे रहे हैं। शेष कार्य छठ पूजा के बाद होगा, यहां शौचालय, कपड़े बदलने के लिए कमरे, बिजली व्यवस्था व अन्य प्रबंध होगे। विज सुबह अंबाला छावनी में टांगरी नदी पुल किनारे चंदपुरा में छठ घाट निर्माण कार्य का निरीक्षण कर रहे थे। इस दौरान ऊर्जा मंत्री ने छठ पूजा के प्रबंधों को लेकर मौके पर मौजूद विभिन्न विभागों के अधिकारियों से बातचीत की और दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने छठ पूजा के लिए लाइट प्रबंध, पानी की व्यवस्था व अन्य प्रबंध करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि घाट को भरने के लिए पर्याप्त पानी की व्यवस्था यहां पर होनी चाहिए तथा छठ घाट के नाम से बोर्ड लगाने के भी निर्देश दिए। गौरतलब है कि ऊर्जा मंत्री अनिल विज के प्रयासों से छठ घाट का निर्माण किया जा रहा है। मंत्री अनिल विज ने अपने स्वैच्छिक कोष से 50 लाख रुपए की राशि घाट निर्माण हेतु जारी की थी।



अंबाला। निर्माणाधीन घाट का मुआयना करते मंत्री अनिल विज।

निरीक्षण के लिए छठ घाट पर पहुंचे ऊर्जा मंत्री

अनिल विज का मिथिलांचल नवयुवक सेवा समिति द्वारा उनका स्वागत किया गया। इस अवसर पर पूर्व निगम सदस्य जसबीर सिंह जस्सी, मदनलाल शर्मा, सुदर्शन सिंह सहगल, फकीरचंद सैनी, रवि जाट के अलावा नगर परिषद एमई हरीश गोयल, बिजली निगम एक्सईएन विकास कुमार, जनस्वास्थ्य विभाग के एक्सईएन हरभजन सिंह व अन्य मौजूद रहे।